# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 9 जनवरी 2025


18वां प्रवासी भारतीय दिवस
18TH PRAVASI BHARATIYA DIVAS
8th-10th January 2025

विकसित भारत की संकल्पना में प्रवासी भारतीयों का योगदान
DIASPORA'S CONTRIBUTION TO A VIKSIT BHARAT

विदेश मंत्रालय
भारत सरकार



## विरासत से प्रेरित, युवाओं के नेतृत्व में प्रवासी भारतीयों की शानदार सफलता का उत्सव

18वां

## प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन
एवं
## विषयगत प्रदर्शनी

### मुख्य आकर्षण

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस का रिमोट के माध्यम से हरी झंडी और प्रचार स्टॉलों का दौरा

### प्रदर्शनी

- **विश्वरूप राम:** रामायण की सार्वभौमिक धरोहर
- **प्रवासी भारतीयों का प्रौद्योगिकी में योगदान**
- **भारत भारतीय:** अभिलेखीय विरासत पर आधारित प्रदर्शनी - ओमान कलेक्शन का शुभारंभ

### उद्घाटन

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री
के कर-कमलों द्वारा

मुख्य अतिथि

**सुश्री क्रिस्टीन कार्ला कंगालू**
महामहिम राष्ट्रपति, त्रिनिदाद एवं टोबैगो गणराज्य

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री हरि बाबू कंभमपति** – राज्यपाल, ओड़िशा
**श्री मोहन चरण माझी** – मुख्यमंत्री, ओड़िशा
**डॉ. एस. जयशंकर** – केन्द्रीय मंत्री
**श्री धर्मेन्द्र प्रधान** – केन्द्रीय मंत्री
**श्री प्रल्हाद जोशी** – केन्द्रीय मंत्री
**श्री जुएल ओराम** – केन्द्रीय मंत्री
**श्री अश्विनी वैष्णव** – केन्द्रीय मंत्री
**डॉ. मनसुख मंडाविया** – केन्द्रीय मंत्री
**सुश्री शोभा कारान्दलाजे** – केन्द्रीय राज्य मंत्री
**श्री कीर्तिवर्धन सिंह** – केन्द्रीय राज्य मंत्री
**श्री पबित्रा मार्गेरिटा** – केन्द्रीय राज्य मंत्री
**श्री कनक वर्धन सिंह देओ** – उप मुख्यमंत्री, ओड़िशा
**श्रीमती प्रभाती परिड़ा** – उप मुख्यमंत्री, ओड़िशा



कार्यक्रम के विवरण के लिए स्कैन करें

**9 जनवरी, 2025 | जनता मैदान, भुवनेश्वर**
(अतिथियों और प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि सुबह 8:30 बजे तक अपना स्थान ग्रहण करें।)

*अतिथि देवो भव*

डीडी न्यूज़ और डीडी ओड़िया पर लाइव देखें | यूट्यूब पर: DD News / DD ODIA

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, ओड़िशा सरकार




## 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा यह महाआयोजन

*प्रयागराज। यूपी के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ 2025 का आयोजन होने जा रहा है। इस महाकुंभ के दौरान कुल छह शाही स्नान होंगे। महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है। इसको लेकर संगम के तट पर भव्य तैयारियां की गई है। यहां आने वाले लोगों के लिए सुविधाओं का सुरक्षा का पूरा इंतजाम किया गया है। महाकुंभ पर संगम किनारे आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक विशाल टेंट सिटी बसा दी गई है। इस टेंट सिटी का एरियल व्यू किसी दूसरी दुनिया का नजारा सा लगता है। रात के वक्त बिजली की सजावट से दमकता महाकुंभ की इस टेंट सिटी का नजारा स्वर्ग सा प्रतीत होता है।*

### ड्रोन व्यू में नजर आई कुंभ से पहले संगम की भव्यता

# विराट टेंट सिटी... भव्य महाकुंभ





### 144 साल बाद लग रहा महाकुंभ

*30-45 दिन तक चलने वाला महाकुंभ हिंदुओं के लिए काफी मायने रखता है। महाकुंभ 144 साल बाद फिर से आयोजित हो रहा है। माना जा रहा है कि इस महाकुंभ में देश-विदेश के 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु शामिल होंगे। महाकुंभ 2025 को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। दूर-दराज से साधु-संतों, नागा सन्यासियों और बाबाओं का आगमन शुरू हो चुका है। शाही स्नान के लिए टेंटों में जमावड़ा लगने लगा है। तरह-तरह के वेशभूषा वाले अलहदा अंदाज में नागा साधु जो महाकुंभ की पहचान हैं यहां डेरा जमा चुके हैं।*







### समाजवादी पार्टी पहले ही समर्थन देने का कर चुकी है ऐलान

# टीएमसी का आप को समर्थन केजरीवाल ने कहा 'थैंक्यू दीदी'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। इसी बीच आम आदमी पार्टी के प्रमुख केजरीवाल ने बुधवार को बताया कि तृणमूल कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव में आप को समर्थन देने की घोषणा की है। केजरीवाल ने इस बारे में एक्स पर जानकारी दी है। केजरीवाल ने पार्टी का समर्थन करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'टीएमसी ने दिल्ली चुनाव में आप को समर्थन देने की घोषणा की है। मैं व्यक्तिगत रूप से ममता दीदी का आभारी हूं, धन्यवाद दीदी. आपने हमेशा हमारे अच्छे और बुरे समय में हमें समर्थन और आशीर्वाद दिया है।'




### केजरीवाल का सपा ने किया समर्थन

टीएमसी से पहले मंगलवार को समाजवादी पार्टी ने भी दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को अपना समर्थन दिया है। आप का समर्थन करने के लिए केजरीवाल ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आप हमेशा हमारा समर्थन करते हैं और हमारे साथ खड़े हैं। मैं और दिल्ली की जनता इसके लिए आभारी हैं।

### लोकसभा में साथ लड़े थे कांग्रेस और आप

विशेष रूप से आप ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए इंडिया ब्लॉक के बैनर तले दिल्ली में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था। कांग्रेस ने तीन सीटों पर तो आप ने चार सीटों पर चुनाव लड़ा था। लेकिन अब विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियों ने अकेले चुनाव मैदान में उतरने का विकल्प चुना है। सत्तारूढ़ आप ने 2015 और 2020 के चुनावों में क्रमशः 67 और 62 सीटों के साथ जीत हासिल की और राजधानी में हैट्रिक बनाने का लक्ष्य रखा है।

### 5 फरवरी को होगी दिल्ली में वोटिंग

70 विधानसभा सीटों पर एक चरण में 5 फरवरी को मतदान होगा, जबकि 8 फरवरी को नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक, दिल्ली के चुनाव में इस बार कुल 1.55 करोड़ से ज्यादा वोटर्स हैं। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 83,49,645 महिला वोटर्स की संख्या 71,73,952 है। वहीं, थर्ड जेंडर की संख्या 1,261 है।

### कांग्रेस ने लॉन्च की दूसरी गारंटी, 25 लाख के हेल्थ इंश्योरेंस का वादा

दिल्ली में अगले महीने यानी फरवरी में विधानसभा चुनाव होने वाला है। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर पर लोक लुभावन वादे करने शुरू कर दिए हैं। अब कांग्रेस पार्टी ने दिल्लीवासियों के लिए 'जीवन रक्षा योजना' लॉन्च की है। इसके तहत दिल्ली के सभी नागरिकों को 25 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस मिलेगा यानी 25 लाख रुपए तक का फ्री इलाज होगा। इससे पहले कांग्रेस ने महिलाओं के लिए बड़ा ऐलान किया था। पार्टी ने महिलाओं के लिए 'प्यारी दीदी योजना' शुरू करने की बात कही थी. इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये दिए जाएंगे। कांग्रेस नेता और कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने 'प्यारी दीदी योजना' का ऐलान करते हुए कहा था कि अगर कांग्रेस दिल्ली की सत्ता में आती है, तो पार्टी हर महीने महिलाओं को 2500 रुपये की आर्थिक सहायता देगी।




### 48 घंटे बाद एक का मिला शव, सेना और नेवी का रेस्क्यू जारी

**गुवाहटी।** असम के दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो में 6 जनवरी को एक बड़ा हादसा हुआ। 300 फीट गहरी कोयला खदान में अचानक पानी भर गया, जिससे 9 मजदूर फंस गए। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बुधवार को एक मजदूर का शव निकाला गया है, जबकि 8 मजदूर अभी भी लापता हैं। भारतीय सेना, नेवी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें बचाव अभियान में जुटी हुई हैं। हादसे के बाद से खदान में फंसे मजदूरों की हालत को लेकर उनके परिवार के लोग चिंतित हैं। रेस्क्यू अभियान में भारतीय नेवी के गोताखोरों को खदान के अंदर भेजा गया है। गोताखोरों को क्रेन और ट्रॉली की मदद से पानी भरे हिस्से में उतारा गया। खदान में करीब 100 फीट तक पानी भर चुका है। इसे निकालने के लिए ओएनजीसी ने विशेष पंप उपलब्ध कराए हैं। सेना और असम राइफल्स ने घटनास्थल पर अस्थायी टेंट लगाए हैं। वहां से रेस्क्यू का संचालन हो रहा है। कोल इंडिया की टीम भी बुधवार से अभियान में शामिल हो गई है।

### सड़क हादसे में जख्मी को मुफ्त मिलेगा 1.5 लाख तक का इलाज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक बड़ा ऐलान किया। गडकरी ने कहा कि पूरे देश में सड़क हादसा का शिकार होने वालों के लिए 1.5 लाख रुपए तक कह कैशलेस इलाज की योजना शुरू की जाएगी। यह योजना मार्च 2025 से लागू होगी। यह नई योजना के तहत सड़क हादसे में घायल लोगों की जिंदगी बचाने के लिए उन्हें बेहतर इलाज की सुविधा देने के मकसद से शुरू की जा रही है। गडकरी ने बताया कि यह योजना सड़क पर होने वाली हर तरह के हादसों को कवर करेगी। दुर्घटना के बाद पीड़ित को सात दिनों तक 1.5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। इस योजना को चलाने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) पर होगी। इसके लिए एक विशेष आईटी प्लेटफॉर्म डेवलप किए जाएंगे।

छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख स्टोर्स पर उपलब्ध
जैन चुस्की चाय
पहला पुरस्कार मारुति आल्टो कार (1)
तीसरा पुरस्कार 10 लोगों को वाशिंग मशीन (सैमसंग)
दूसरा पुरस्कार 2 लोगों को एक्टिवा स्कूटर
चौथा पुरस्कार 100 ग्राम चांदी का सिक्का (50)
₹300/- की जैन चुस्की चाय की खरीदी पर पाये
ड्रा 30 अप्रैल 2025
1 कूपन फ्री और पाये ढेरों ईनाम
WWW.CHUSKITEA.COM
JAIN TRADERS
किसी भी प्रकार के विवाद में अंतिम निर्णय कंपनी के पास सुरक्षित रहेगा।
AKRITI VIHAR, AMLIDHI, RAIPUR, 94242-05071

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
HMS देखकर खरीदें
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान

### 'ट्रंप' का ऐलान

# कनाडा-पनामा नहर पर होगा यूएस का कब्जा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप महज 12 दिन बाद अमेरिका के प्रेसिडेंट की कुर्सी पर बैठने वाले हैं। इससे पहले उन्होंने ऐसी बात कह दी है जिससे कनाडा से लेकर ग्रीनलैंड तक हलचल मच गई है। मंगलवार को फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसॉर्ट में ट्रंप ने अपने विस्तारवादी एजेंडे का खुलासा किया। ट्रंप ने कहा कि वह चाहते हैं कि कनाडा को अमेरिका में शामिल करा लिया जाए। इसके साथ ही पनामा नहर पर कब्जा, ग्रीनलैंड को खरीदनें, गल्फ ऑफ मेक्सिको का नाम बदलने की भी इच्छा जाहिर की। ट्रंप ने लगे हाथ हमास को बंधकों को लौटाने की चेतावनी दे डाली। साथ ही नार्थ एटलांटिक ट्रिटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) को रक्षा खर्च बढ़ाने की हिदायत भी दी। जानें, ट्रंप ने किस-किस को लपेटे में लिया। ट्रंप कनाडा को अमेरिका में शामिल कराने की रट लगाए बैठे हैं।

- अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान से दुनिया भर में मची हलचल



### पनामा नहर पर भी कब्जे की धमकी

ट्रंप ने पनामा नहर परी कब्जा करने की धमकी भी दी। ट्रंप ने कहा कि पनामा नहर को दोबारा अमेरिका के कंट्रोल में लाया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि पनामा नहर को पनामा को सौंपा जाना एक ऐतिहासिक गलती थी। ट्रंप ने इसके लिए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर पर निशाना साधा। बता दें कि कार्टर के शासनकाल में ही नहर पर पनामा को अधिकार दिया गया था। पनामा के विदेश मंत्री जेवियर मार्टिनेज आचा ने ट्रंप की इस धमकी पर ऐतराज जताया है। आचा ने कहा कि पनामा नहर पर सिर्फ और सिर्फ हमारे देश का ही कंट्रोल होगा।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राट व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
- लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
- जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
- ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
- गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



पहली बार तीन अखाड़े एक साथ
- अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही
- श्री पंच दिगंबर
- श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़े

# 1000 साधु-संतों ने शस्त्रों के साथ फहराई सनातन की पताका

एजेंसी ▶▶| महाकुंभनगर

खास खबर

अखिल भारतीय वैष्णव के तीनों अनी अखाड़े की पेशवाई बुधवार को केपी ग्राउंड से निकली। करीब एक हजार साधु-संत पूरे राजसी वैभव के साथ हाथी-घोड़े, ऊंट और रथ पर सवार होकर निकले। बाघंबरी मठ में विधि-विधान से पूजा के बाद सनातन की पताका फहराते हुए संत मेला क्षेत्र के लिए निकले। अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही, श्री पंच दिगंबर और श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़े की पेशवाई निकाली गई। हाथ में भाला, तलवार, बर्छी, गुप्ती और गदा लेकर साधु संत करतब दिखाते हुए और जय श्री राम, हर-हर महादेव का नारा लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया था।

सड़क के दोनों किनारों पर पेशवाई (नगर प्रवेश) को देखने के लिए भीड़ जमा रही। लोग अपने मोबाइल से वीडियो और फोटो बनाते रहे। ▶▶|शेष पेज 2 पर





करीब एक हजार साधु-संत हाथी-घोड़े, ऊंट और रथ पर सवार होकर निकले

भाला और तलवार के साथ दिखाई संस्कृति की झलक

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ऑटो-ट्रक की टक्कर में तीन स्कूली बच्चों की मौत

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में ऑटोरिक्शा के आलू से लदे ट्रक से टकरा जाने के कारण तीन स्कूली बच्चों समेत कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में चार विद्यार्थी भी घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना गोला थाना क्षेत्र के महुआटांड गांव के पास सुबह करीब आठ बजे हुई।

### नहीं रहे मशहूर फिल्म मेकर प्रीतिश नंदी

**मुंबई।** जाने-माने फिल्म निर्देशक, पत्रकार, कवि और लेखक प्रीतीश नंदी का 73 वर्ष की आयु में



बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से बॉलीवुड और साहित्यिक जगत में शोक की लहर है। उन्होंने अपने कॅरियर में कई शानदार फिल्में बनाई। जिनमें करीना कपूर की चमेली, हजारों ख्वाहिशें ऐसी, प्यार के साइड इफेक्ट्स शामिल हैं।

बस्तर में ठेकेदारों के भ्रष्टाचार की परतें उधड़ रहीं, पग-पग पर सबूत

# बस्तर की सड़कों पर 'भ्रष्टाचार', बनते ही उखड़ रही, अंदरुनी इलाकों में चल रहा खेल



*पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने सड़क निर्माण में जिस ठेकेदार ने भ्रष्टाचार किया उसकी पोल खोलते हुए जान गवां दी, हत्यारा पकड़ा गया, पर सवाल अब भी खड़े हैं। सड़कों की ऑडिट में पता चल जाएगा कि अंदरुनी इलाकों की सड़कों पर भ्रष्टाचार किस तरह बह रहा है। बस्तर के सभी सातों जिलों के अंदरुनी मार्ग बता रहे हैं कि सड़कें कैसे बनी और उखड़ गईं।*







## नेलसनार-कोडोली-मिरतुर-गंगालुर 52.40 किमी मार्ग में मिले 35 से अधिक गड्ढे

महेंद्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि सरोकार

बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित गांवों की लगभग एक दर्जन सड़कें जर्जर हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों का आना-जाना मुश्किल हो रहा है। साथ ही कई सड़कें ऐसी हैं कि बारिश के दौरान गांव से ब्लॉक, जिला मुख्यालय तक भी जाना नहीं हो रहा है। नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के बंडा से कन्हाईगुड़ा मार्ग, मुरलीगुड़ा से इतकल मार्ग, फायदागुड़ा से गोलापल्ली मार्ग निर्माण होने के कुछ माह में ही उखड़ गया। बीजापुर जिले के दो सड़कें, कोंडागांव जिले के संबंलपुर में एक, बस्तर जिले के पखनार की सड़क जर्जर खराब एवं नारायणपुर जिले में पीएमजेएसवाई की ओर बनी रेमावंड सड़क की पुलिया भी बह चुकी है।

खबर के मुताबिक बारिश के पहले बनी सड़कों का कोई हिसाब नहीं है। बारिश के बाद कहा जाता है कि सड़क बह गई। बीजापुर जिले के नेलसनार-कोडोली मार्ग पर 22/6 किमी में पुलिया का पहुंच मार्ग बारिश में बह गया था और कुटरू मार्ग 17/2 किमी में जर्जर हो चुका है। नारायणपुर ▶▶|शेष पेज 2 पर

### बारिश से जर्जर हुई सड़कें

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता अमित गुलहरे ने बताया कि बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर जिले के लगभग 2-3 सड़क बारिश एवं बाढ़ से जर्जर हुई, जिसकी मरम्मत की जाएगी।



### दोषी पर होगी कार्रवाई

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने बताया कि सातों जिलों की जर्जर सड़कों की जांच की जा रही है, जिसमें दोषी होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा गंगालूर से नेलसनार गांव तक ▶▶|शेष पेज 2 पर

पत्रकार मुकेश हत्याकांड

## कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपियों को न्यायालय में किया गया पेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर के युवा पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की हत्या मामले में बुधवार को मास्टर माइंड सुरेश चन्द्राकर समेत चारों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच हथकड़ी लगाकर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने सभी आरोपियों को 15 दिन की न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड के चारों आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया है, जहां हत्या के मास्टरमाइंड सुरेश को हाथों में हथकड़ी लगाकर पुलिस उसे कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट लेकर आई। कोर्ट ने चारों आरोपियों को 15 दिन के न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। मुख्य आरोपी सुरेश के साथ रितेश, दिनेश और महेंद्र रामटेके को भी न्यायालय लाया गया था।

गौरतलब है कि 3 जनवरी को ठेकेदार के सेप्टिक टैंक में पत्रकार मुकेश चन्द्राकर ▶▶|शेष पेज 2 पर

### हैदराबाद से किया था गिरफ्तार

मामले में तीन आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था, वहीं सरगना सुरेश चंद्राकर तभी से फरार था। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने एसआईटी का गठन किया था, तभी से फरार आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा था। बीजापुर एसआईटी टीम के प्रभारी आईपीएस मयंक गुर्जर ने कहा कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या मामले में फरार ▶▶|शेष पेज 2 पर

*टिकट लेने के लिए अफरा-तफरी*

# तिरुपति मंदिर में भगदड़ छह श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी ▶▶| तिरुपति



तिरुमला स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में बुधवार रात भगदड़ मचने से छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) प्रमुख ने बताया कि यह भगदड़ उस समय मची, जब वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए सैकड़ों लोग टिकट पाने की कोशिश कर रहे थे।

देशभर से सैकड़ों श्रद्धालु 10 जनवरी से शुरू होने वाले 10 दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए यहां आए हैं। इससे पहले, पुलिस ने तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत होने की जानकारी दी थी। टीटीडी प्रमुख बीआर नायडू ने कहा कि मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू गुरुवार को तिरुपति आएंगे।

### सीएम चंद्रबाबू ने जताया दुख

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने घायलों को दिए जा रहे उपचार के बारे में अधिकारियों से फोन पर बात की।

### कतार में थे चार हजार लोग

*बताया जा रहा है कि दर्शन के लिए टोकन की लाइन में करीब 4,000 लोग लगे थे। इसी दौरान भगदड़ मच गई। स्थिति को लेकर सीएम चंद्रबाबू नायडू ने मंदिर समिति के चेयरमैन बीआर नायडू से फोन पर बात की।*

मुख्यमंत्री निवास पहुंचे सद्गुरु

## सीएम साय ने सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज से लिया आशीर्वाद



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने शाल-श्रीफल भेंटकर सद्गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने सद्गुरु से सामाजिक और आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की।

## महादेव सट्टा एप के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



चर्चित महादेव सट्टा एप के एक आरोपी अमित कुमार अग्रवाल की जमानत अर्जी हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। 21 अक्टूबर 2024 को सुनवाई पूरी होने के बाद जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा था। अब फैसला जारी किया गया। रायगढ़ निवासी अमित कुमार अग्रवाल को मई 2024 को महादेव सट्टा एप के जरिए अवैध कमाई के मामले में गिरफ्तार किया गया था। अमित समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ 29 जुलाई 2022 को दुर्ग के मोहन नगर थाने में पुलिस ने पांच आरोपियों आलोक सिंह राजपूत, रामप्रवेश साहू, ▶▶|शेष पेज 2 पर

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
(DEEMED TO BE UNIVERSITY)
Empowering students for a brighter future
MANAGEMENT PROGRAMMES OFFERED
- MBA
- MBA (Hospital Administration)
- MBA (Hospitality Management)
- MBA (Artificial Intelligence and Data Science)
APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC and AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
- NBA Accredited Programmes
NIRF INDIA RANKINGS 2024
- 14th Best in University Category
- 62nd Best in Management Category
INTERNATIONAL RANKINGS 2025
- Ranked in QS World Rankings 2025
- Ranked in Times World Rankings 2025
To apply for admission through CAT 2024, Please visit: www.soa.ac.in

ऐसा पहली बार, छत्तीसगढ़ी में जिमीकंद गीत के बोल

# महिलाओं ने बनाया जिमीकंद गीत, गाने में विधि और स्वाद भी समाहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

अलग खबर

जिमीकंद के गुण, उसकी विशेषता और इससे महिला समूह को आर्थिक मजबूती के लिए प्रेरित करने मां बम्लेश्वरी फेडरेशन द्वारा जिमीकंद की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ी बोली में गाना तैयार किया है।

अविभाजित राजनांदगांव जिले के साल्हेवारा से लेकर दूरस्थ वनांचल मोहला-मानपुर तक जिमीकंद की खेती से महिलाओं को जोड़कर आर्थिक उन्नति के लिए प्रेरित करने वाली पद्मश्री ▶▶|शेष पेज 2 पर

### जिमीकंद की विशेषता और आमदनी पर महिलाओं किया जा रहा प्रेरित



### गाने में जिमीकंद के फायदे

जिमीकंद गीत में जिमीकंद की सब्जी की विशेषता, जिमीकंद के गुण, दो वर्षों के भीतर आमदनी, बिना खाद पैदावार, जिमीकंद बनाने की विधि, जिमीकंद के स्वाद को समाहित किया गया है।

### खिलेश्वरी साहू ने बनाया गीत

जिमीकंद की खेती के लिए शून्य लागत पर आमदनी अर्जित करने मां बमलेश्वरी फेडरेशन के माध्यम से ग्राम बनहरदी की खिलेश्वरी साहू ने जिमीकंद पर विशेष गीत बनाया है। इस गीत को उन्होंने स्वयं लिखा और स्वर भी दिया है। छत्तीसगढ़ी के इस गीत को सोशल नेटवर्किंग साइट पर प्रसारित भी किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ी में गाने के बोल

जिमीकंद गीत के बोल छत्तीसगढ़ी में लिखे गए हैं। जिसमें गीत की शुरुआत हाय-रे मोर जिमी कांदा, मन ला गजब तैं सुहाये से शुरू की गई है।

### लाखों रुपए की आमदनी

*बीते कुछ वर्षों में महिलाएं खैरागढ़, राजनांदगांव और मोहला-मानपुर जिले में जिमीकंद की खेती कर रही है। दीपावली पर्व के दौरान बड़े पैमाने पर जिमीकंद की फसल महिलाओं द्वारा ली जाती है। इस जिमीकंद के माध्यम से महिलाओं को प्रतिवर्ष बिना लागत के ही लाखों रुपए की आमदनी भी हो रही है।*

### किया जा रहा है प्रेरित

*जिमीकंद लगाने महिलाओं को जागरूक करने हेतु बनाए गए इस गीत के माध्यम से दो वर्षों में इसकी फसल तैयार होने और बेहतर आमदनी पर जोर दिया गया है।*

## चिंतन

# वायरस से घबराने की नहीं सावधान रहने की जरूरत

कोरोना वायरस जैसा चीन में शुरू हुआ ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस अब भारत में पहुंच चुका है। कर्नाटक, गुजरात और चेन्नई में कई बच्चे इस वायरस की चपेट में आ गए हैं, जिसके बाद लोगों में दहशत भी है। महाराष्ट्र में बुधवार को तीसरा केस मिला। मुंबई के हीरानंदानी अस्पताल में 6 महीने की बच्ची संक्रमित मिली है। उसे 1 जनवरी को खांसी, सीने में जकड़न और ऑक्सीजन लेवल 84 फीसदी तक गिरने की वजह से अस्पताल में भर्ती किया गया था। मुंबई में इस वायरस का यह पहला मामला है। लगातार वायरस का संक्रमण बढ़ने से देश में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और लगातार दहशत बढ़ रही है। राज्यों ने भी अपने स्तर पर सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर, गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। चिकित्सा विशेषज्ञ शुरुआत से ही कह रहे हैं कि ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। बस, सतर्क रहना बहुत जरूरी है। डॉक्टर इसे सामान्य वायरस के रूप में ही देख रहे हैं और हर साल सर्दी में ऐसे मामले सामने आने की बात कह रहे हैं। हालांकि वायरस के खतरे से बचना है तो हाथ मिलाने नहीं, नमस्ते करने की आदत डालनी पड़ेगी। कारण, कोरोना की तरह यह वायरस भी सीधे संपर्क में आने से तेजी से फैलता है। जैसे हमने कोरोना पर जीत दर्ज की थी, वैसे ही इसे भी हरा देंगे। बस जरूरत है तो कुछ सावधानियां बरतने की। जैसे खांसी और छींकते समय मुंह और नाक को ढक कर रखें। एक-दूसरे से हाथ मिलाने और गले लगने से परहेज करे। भीड़ वाली जगह पर जाने से बचें। बार-बार व सही तरीके से साबुन से हाथ धोएं। बीमार होने पर कपड़े और बर्तन एक-दूसरे के साथ सांझा न करें। बीमार होने पर संपूर्ण इलाज करें और घर पर ही आराम करें। चिकित्सा विशेषज्ञ बताते हैं कि यह कोई नया वायरस नहीं है बल्कि पिछले कम से कम पांच दशकों से मनुष्यों के बीच सक्रिय रहा है। तब इसके बारे में ज़्यादा जानकारी नहीं थी। हालांकि 2000 के दशक की शुरुआत में नीदरलैंड के वैज्ञानिकों ने रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इंफेक्शन वाले बच्चों के श्वसन स्राव में इसकी औपचारिक रूप से पहचान की थी। कुछ स्टडीज़ में ये सामने आया है कि वैश्विक स्तर पर एक्यूट रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इंफेक्शन से पीड़ित जो बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं, उनमें से 5-10 प्रतिशत बच्चों में संक्रमण की वजह संक्रमण हो सकता है। क्लिनिकल तौर पर देखें एचएमपीवी भी किसी सामान्य वायरस की तरह श्वसन तंत्र में मौजूद हो सकता है। इसके लक्षण भी आम सर्दी-जुकाम की तरह है, जैसे बुखार, खांसी, नाक बहना, गले में खराश और घरघराहट, शरीर 3 से 6 दिनों तक गर्म रहता है, आम बुखार से थोड़ा ज़्यादा। ये वायरस सर्दियों के अंत से लेकर वसंत के शुरुआती दिनों तक चरम पर होता है। हालांकि वायरल कल्चर और एंटीजन टेस्ट से भी इसका पता लगाया जा सकता है लेकिन ये उतने सटीक नहीं होते। कई बच्चे वायरस के ख़िलाफ एंटीबॉडी विकसित कर लेते हैं। उनके शरीर में प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाती है, शायद यही वो वजह है कि इस वायरस से प्रभावितों में मृत्यु दर न के बराबर है। हाल के सरकारी अधिकारियों के बयान देखें तो इस वायरस को लेकर मीडिया में भले ही काफ़ी चर्चा हो रही हो, लेकिन हकीक़त ये है कि सर्दियों में सांस संबंधी बीमारियों में बहुत ज़्यादा बढ़ोत्तरी नहीं देखी गई है। इसीलिए इससे ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। बस थोड़ी सी सावधानी से इस पर पार पाया जा सकता है।



महाकुम्भ-2025
अखिलेश आर्येन्दु

# योगी के कुशल प्रशासन की परीक्षा

> इस बार का आयोजन दीर्घता, भीड़ और बजट के मद्देनजर बहुत बड़ा है। तीन महीनों से प्रयागराज को स्वर्ग नगरी के रूप में सजाया जा रहा है। इससे पूरा प्रयागराज संवरा हुआ नजर आता है। सारी व्यवस्थाओं के मद्देनजर कहा जा सकता है कि अब प्रयागराज बन-ठन कर पूरी तरह तकरीबन 45 करोड़ श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए तैयार हो गया है। यह बात दिगर है कि लोग इसे पौराणिकता को बढ़ाने वाला आयोजन भी करार दे रहे हैं लेकिन इसमें महज पौराणिकता का ही समावेश नहीं है बल्कि वैदिक धारा से ताल्लुक रखने वाले तमाम तरह के आयोजन होंगे। इस नजरिए से इसे एक सम्पूर्ण और दिव्यादि दिव्य महा-आयोजन कहा जाना चाहिए।

याद कीजिए 2019 से पहले प्रयागराज में आयोजित कुंभों में तरह-तरह की किस तरह की अव्यवस्थाएं हुआ करती थीं। शासन, प्रशासन से लेकर प्राइवेट सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार चर्चा के विषय हुआ करते थे। इसमें प्रशासनिक भ्रष्टाचार प्रमुख हुआ करते थे। कई तरह के वाद, पक्षपात, पाखंड खुलेआम हुआ करते थे, और जनता को कई तरह की परेशानियों से रूबरू होना पड़ता था। लेकिन 2019 में आयोजित कुंभ ने जिस तरह से बगैर किसी दुर्घटना (रेलवे की दुर्घटना को छोड़ दिया जाय तो) राज्य सरकार के चुस्त-दुरुस्त बंदोबस्त स्नान से ताल्लुक रखने वाली व्यवस्थाएं, भीड़ व यातायात व्यवस्था और दूसरी अनगिनत व्यवस्थाएं की गईं और भ्रष्टाचार का कोई मामला सुर्खियां बटोरते नहीं देखा गया, उससे योगी की प्रशासनिक क्षमता को चर्चा का विषय बना दिया था। उसी तरह की या उससे भी कई गुना बेहतर व्यवस्था इस बार प्रयागराज के इस महाकुंभ में सरकार की तरफ से की गई है। गौरतलब है 2019 वाले कुंभ की सफलता और इसकी दुनियाभर में हुई चर्चा की वजह से, इसे दुनिया का सबसे सफल, अद्भुत, विशाल और आदर्श मेले के रूप में गिना गया था। तब ऐसा अनुमान था उस कुंभ में 30 करोड़ लोग आए थे जिसमें तकरीबन सौ देशों में कार्यरत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, साधु-संत, साधक, श्रद्धालु भी शामिल थे। प्रयागराज शहर और आस-पास के क्षेत्र का कायाकल्प भी 2019 वाले कुंभ के समय ही हो गया था। जिस तरह की चित्रकारी, आकर्षक मूर्तियों, फव्वारों, पौराणिक प्रतीकों और अन्य तरह के चर्चित पौराणिक संदर्भों को दीवारों और चौराहों पर उकेरा गया था, उससे प्रयागराज को पौराणिककाल की याद ताजा कर रही थीं। इस बार का आयोजन दीर्घता, भीड़ और बजट के मद्देनजर उससे बहुत बड़ा है।

पिछले तीन महीनों से प्रयागराज को स्वर्ग नगरी के रूप में संवारा व सजाया जा रहा है। इससे प्रयागराज शहर ही नहीं जिला भी संवरा हुआ नजर आता है। सारी व्यवस्थाओं के मद्देनजर कहा जा सकता है कि अब प्रयागराज बन-ठन कर पूरी तरह तकरीबन 45 करोड़ श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए तैयार हो गया है। यह बात दिगर है कि लोग इसे पौराणिकता को बढ़ाने वाला आयोजन भी करार दे रहे हैं लेकिन इसमें महज पौराणिकता का ही समावेश नहीं है बल्कि वैदिक धारा से ताल्लुक रखने वाले तमाम तरह के आयोजन होंगे। इस नजरिए से इसे एक सम्पूर्ण और दिव्यादि दिव्य महा-आयोजन कहा जाना चाहिए। इसमें शामिल होने के लिए जैसी उत्सुकता दिल्ली समेत पूरे देश में महाकुंभ के प्रति लोगों में देखी जा रही है ऐसी उत्सुकता शायद दुनिया में दूसरे किसी आयोजन के प्रति कभी देखी नहीं गई। यही है इस महाकुंभ का कुंभत्व है। सोचिए, 50 दिनों में 45 करोड़ लोग आएंगे प्रयागराज के कुंभनगर में। यानी प्रतिदिन तकरीबन एक करोड़ लोग अपनी श्रद्धा, विश्वास, जिज्ञासा, पर्यटन करने और भक्ति भावना के साथ इस आयोजन के हिस्सा बनेंगे।

प्रयागराज वालों के लिए भी बहुत बड़ी चुनौती है कि उनके शहर में हो रहे इस आयोजन में किसी भी तरह की बदइंतजामी का मंजर न दिखाई दे। सरकार की बेहतर व्यवस्था में उनकी भी जिम्मेदारी बनती है कि वे हाथ बटाएं और अपनी जिम्मेदारी निभाएं। केंद्र सरकार, राज्य



सरकार और जनता तीनों का बेहतर तालमेल बना रहे, इस पर गौर करने की जरूरत बताई जा रही है। योगी सरकार ने जिस तरह से दिल खोलकर महाकुंभ के लिए बजट आवंटित किए, उसकी जितनी भी तारीफ की जाए, कम ही है। इसलिए प्रयागराज वालों को भ्रष्टाचार न हो, इसके लिए निगाह भी रखनी होगी। उनकी राज्य सरकार के बाद बड़ी जिम्मेदारी है। इस बार बाहर से कलाकार, अध्यात्म जगत की हस्तियां, सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोग, साहित्यकार, शिक्षाविद्, साधक, योगी, यति, पौराणिक विचारों के ध्वज वाहक, राजनेता, युवाशक्ति और बहुत बड़ी तादाद में प्रवासी भारतीयों के इस दिव्य आयोजन में आने की प्रबल संभावना है। जिस तरह की उत्तर प्रदेश सरकार ने सुरक्षा, सहायता, यातायात, बेहतर सुविधाएं जिसमें रेलवे, बस, टेम्पों, टैक्सी, हवाई जहाज सहित हजारों की तादाद में होमगार्ड की तैनाती कर इसे निष्कंटक सम्पन्न कराने के लिए संकल्प किया है, वह योगी सरकार की दूरदर्शिता का परिणाम है। महाकुंभ के इस आयोजन में सरकारी, अर्धसरकारी और व्यक्तिगत जितने भी तरह की व्यवस्थाएं हैं, वे जवाबदेय बनाई गई हैं। बार-बार योगी जी का कुंभ में आकर निरीक्षण करना, अधिकारियों के साथ बैठकें करना, निर्देश देना, कमियों को बताना, जैसा होना चाहिए वैसा है कि नहीं, इसकी जिम्मेदारी, उन विभागों, प्रभागों और लोगों को दी गई है, जो रात-दिन अपने कार्य में लगकर इस आयोजन को सफल बनाने में लगे हैं। यह संभव हुआ है मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी की दूरदर्शिता और प्रशासनिक सूझ-बूझ की वजह से। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद उत्तर प्रदेश में यह ऐतिहासिक आयोजन योगी के नेतृत्व में होने जा रहा है। यह आयोजन भी मुख्यमंत्री योगी के कुशल प्रशासनिक क्षमता की परीक्षा भी है। क्योंकि अराजक तत्त्व इस दिव्य आयोजन को विफल करने के लिए भी लगे होंगे। ऐसे में सतर्कता, सावधानी और सूझ-बूझ की बेहतर जिम्मेदारी हर उस व्यक्ति की है जो इस दिव्य मेले को सफल मेलों में देखना चाहते हैं। मोदी जी इस कुंभ को 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने की अहम सोच के प्रतीक के रूप में देख रहे हैं। इसलिए सीएम योगी की चुनौतियां भी प्रधानमंत्री की सोच के तहत कुछ ज्यादा ही बढ़ गई हैं कि दुनिया के सबसे विशाल इस मेले में किसी भी स्तर पर, किसी भी तरह की कोई अव्यवस्था न होने पाए। जिस तरह से निर्माण कार्यों, मरम्मत, भीड़ प्रबंधन और यातायात सुरक्षा से जुडे छह हजार परियोजनाओं पर रात-दिन कार्य प्रगति पर है और अनेक परियोजनाएं पूरी भी हो चुकी हैं, उससे सफलता की आशा यकीन में बदलती दिखाई दे रही है। यह महाकुंभ डिजिटल कुंभ और हरित कुंभ के रूप में भी अपनी पहचान बनाएगा। आधुनिक तकनीकों, जिसमें चैटबॉट और एआई का इस्तेमाल बेहतर तरीके से किया जाएगा, वह भी अपने आप में किसी मिसाल से कम नहीं है। भले ही महाकुंभ अवधी या हिंदी क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है लेकिन गुजराती, मराठी कन्नड़, उड़िया और बंगला समेत 10 भारतीय भाषाओं में 'चैटबॉट' और 'महाकुंभ सहायक' का इस्तेमाल किया जाएगा। 25 प्रखण्डों में विभाजित महाकुंभ के हर प्रखण्ड में कैंप, कार्यालय, समुदाय-क्षेत्र के साथ स्वास्थ्य, स्वच्छता, और सुरक्षा से ताल्लुक रखने वाली जरूरी सहुलियतों का बंदोबस्त होगा। 2 लाख टेंट में कल्पवासी और दूसरे क्षेत्रों के लोग रहेंगे। 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था बनाई जा रही है। इससे कुम्भ की भव्यता और वैभव का अनुमान लगाया जा सकता है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ हमारे जीवन में घटने वाली तमाम घटनाओं का एक बेहतरीन अनुभव का हिस्सा बनेगा। हम इसकी सफलता के लिए क्या बेहतर भूमिका निभा सकते हैं, इसे सुनिश्चित करना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरण संरक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## पहल

डॉ. मोनिका शर्मा



# सोशल मीडिया के उपयोग पर अभिभावकों की सहमति जरूरी

मौजूदा दौर में बच्चों के मन-जीवन से जुड़े हर मोर्चे पर तकनीकी घेराबंदी चिंता का विषय बन गई है। विशेषकर सोशल मीडिया की चकाचौंध तो मासूमियत ही लील रही है। यही कारण है कि बच्चों के स्वास्थ्य, समझ और सुरक्षा की फिक्र के चलते सख्त नियम-कायदे बनाने की राह चुनी जा रही है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट में यह प्रावधान भी शामिल है कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया पर अकाउंट बनाने से पहले अभिभावकों से सहमति लेनी होगी। ज्ञात हो कि नाबालिगों के लिए सोशल मीडिया खाता बनाने में जुड़े कठोर नियम दूसरे कई देशों में भी लागू किए गए हैं। बीते दिनों ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन वाला बिल संसद में पारित हुआ है। बचपन सहेजने की साझी चिंता से जुड़े इस मसौदे को वहां पक्ष और विपक्ष दोनों का समर्थन मिला था। ऑस्ट्रेलिया ऐसा बिल पारित करने वाला दुनिया का पहला देश है। अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में भी 14 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया चलाने पर प्रतिबंध लगाया है।साथ ही 14-15 साल के बच्चे भी अभिभावकों की सहमति के बिना सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। इतना ही नहीं, ब्रिटेन में भी 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है। चिंतनीय है कि सोशल मीडिया मंचों पर बच्चे न केवल समय और ऊर्जा गंवा रहे हैं बल्कि अपराधियों के चंगुल में भी फंस रहे हैं। वर्चुअल दुनिया की चकाचौंध में बच्चे शारीरिक-मनोवैज्ञानिक समस्याओं के घेरे में आ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक वैश्विक स्तर पर 10



प्रतिशत से अधिक किशोर सोशल मीडिया के उपयोग से नकारात्मक रूप से प्रभावित होते हैं। यूनेस्को की 'टेक्नॉलॉजी इन एजुकेशन' रिपोर्ट कहती है कि तकनीक से हद से ज्यादा जुड़ाव से न केवल विद्यार्थियों का ध्यान भटकता है बल्कि उनकी सीखने की क्षमता पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। हमारे परिवेश में स्पष्ट देखा जा सकता है कि खेलने-कूदने की उम्र में ही बहुत से बच्चे आभासी मंचों से जुड़कर ऑनलाइन दुनिया तक सिमट जाते हैं। स्क्रीन के संसार की इस अर्थहीन व्यस्तता के चलते सुस्त जीवनशैली अपना लेते हैं। जबकि बाल स्थूलता बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी अहम समस्या बन हुई है। चिंतनीय है कि बचपन में ज्यादा वजन की समस्या से जूझने वाले लोगों में 50 से 80 प्रतिशत बड़े होने पर भी मोटापे की जद में रहते हैं। इसी के साथ नजर कमजोर होने, अनिद्रा और शारीरिक पोस्चर बिगड़ने जैसी परेशानियां भी देखने में आ रही हैं। सोशल मीडिया में परोसी जा रही फिल्टर्ड तस्वीरों का ही असर है कि हमारे यहां 45 प्रतिशत बच्चे अपनी शारीरिक संरचना से खुश नहीं हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीइआरटी) के एक सर्वेक्षण में यह सामने आया है। वहीं स्क्रीन स्क्रॉलिंग में व्यस्त बच्चों को डांटने-डपटने पर घर छोड़ देने के मामले भी हो चुके हैं। बीते दिनों आगरा की एक किशोरी इंस्टाग्राम मित्र से मिलने के लिए घर छोड़कर गोवा चली गई। 14 वर्षीय बेटी ने इंस्टाग्राम पर अति सक्रिय रहने पर पिता की डांट के चलते यह कदम उठाया है। अपनी मर्जी से आभासी मित्र से मिलने के लिए घर से जाने की चिट्ठी छोड़ गई बच्ची की 20 दिन बाद भी बरामदगी नहीं हो सकी है। आए दिन हो रहे ऐसे वाकये बताते हैं कि सोशल मीडिया में बीत रहा समय बालपन में जड़ें जमाने वाली कितनी ही स्वास्थ्य समस्याओं और मानसिक दिशाहीनता का कारण बन रहा है। चिंतनीय है कि बहुत से अभिभावकों को जानकारी ही नहीं होती कि उनके बच्चे ने किस और कितने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपना अकाउंट बनाया हुआ है। जबकि साइबर बुलिंग, ब्लैकमेलिंग, डीपफेक, डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार बच्चे भी बन रहे हैं। नाबालिगों ने वर्चुअल धमकियों और नकारात्मक टिप्पणियों से आहत होकर आत्महत्या जैसा कदम भी उठाया है। निजी सूचनाएं जुटाकर बच्चों को ब्लैकमेल और तस्वीरों को एडिट कर वायरल करने की धमकी देकर ठगा गया है। ऐसे अपराधों के पीछे वर्चुअल दुनिया में बच्चों से जुड़कर दिशाहीन करने वाले लोग भी होते हैं। ऐसे में वर्चुअल दुनिया के अनगिनत जोखिमों के दौर में अभिभावकों की अनुमति से जुड़ा यह नियम आवश्यक है।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भक्ति करने से चुनौतियों से लड़ने की मिलती है शक्ति



संकलित
**दर्शन**

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

# जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
**प्रेरणा**

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूं। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहाः तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूं। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोलाः दोस्त मैं कहां सुंदर हूँ। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोलाः तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोलाः खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहां एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादियों में दिखावा गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए।

*- पंकज तिवारी, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन में ज्यामिति गणित सीखने में पिछड़ रहे बच्चे

ज्यामिति गणित की एक महत्वपूर्ण शाखा है, जिसका उपयोग हम 2डी (टू डाइमेंशनल) और 3डी (थ्री डाइमेंशनल) स्थानों के गुणों जैसे दूरी, आकार, आकृति और स्थिति को समझने के लिए करते हैं। हम प्रतिदिन ज्यामिति का प्रयोग करते हैं : उपहार लपेटने के लिए कागज काटना, फर्श पर टाइल लगाने के लिए कमरे का क्षेत्रफल निकालना, तथा कार्यस्थल पर 'पाई चार्ट' और 'बार ग्राफ' की व्याख्या करना। यहां तक कि दीवार पर लगी तस्वीर के टेढ़े-मेढ़े होने पर भी ध्यान देना हमारी ज्यामितीय समझ पर निर्भर करता है। यद्यपि इंग्लैंड के बच्चे कई देशों की तुलना में गणित में बेहतर प्रदर्शन करते हैं, फिर भी ज्यामिति में उनके अंक उनके गणित के समग्र अंकों से काफी कम हैं। यह पैटर्न (स्वरूप) 2015 से पांचवीं कक्षा (आयु नौ और दस) और नौवीं कक्षा (आयु 13-14) के बच्चों के लिए लगातार बना हुआ है। इसका समाधान बच्चों के स्थानिक कौशल में सुधार करने में निहित हो सकता है : ऐसा कुछ जो सरल और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से किया जा सकता है, जैसे कि जिगसॉ पजल, खिलौना कार या कंस्ट्रक्शन सेट के साथ खेलना। स्थानिक कौशल और समझ वस्तुओं के स्थानिक गुणों, जैसे कि उनके आकार और स्थान को समझने तथा वस्तुओं और समस्याओं की कल्पना करने की क्षमता है।



## ऑफ बीट

# आपके कुत्ते को प्रभावित करता है आपका तनाव

कुछ वर्ष पहले, फ्रांस में शोधकर्ताओं ने बताया कि किसी पशु चिकित्सक के सामने कुत्ते के मालिक के व्यवहार से कुत्ते के तनाव के स्तर पर क्या प्रभाव पड़ता है। अध्ययन से पता चला कि मालिक के नकारात्मक व्यवहार जैसे डांट-फटकार से पशु चिकित्सा जांच के दौरान कुत्ते का तनाव बढ़ जाता है। क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट में हमारे हालिया अध्ययन से पहले किसी ने मालिकों के तनाव से उनके कुत्तों पर पड़ने वाले प्रभाव पर गौर नहीं किया था। हमारा अध्ययन क्वींस यूनिवर्सिटी के शोध से भिन्न है, क्योंकि इसमें विशेष रूप से मालिक के तनाव के प्रभाव के बारे में बताया गया है। हमारे शोध में 28 मालिक और उनके कुत्ते शामिल हुए। शोध के दौरान मालिकों और कुत्तों दोनों ने हृदय गति मॉनीटर पहन रखे थे ताकि हम तनाव के स्तर को मापने के लिए उनकी हृदय गति परिवर्तनशीलता की निगरानी कर सकें और उसे रिकॉर्ड कर सकें। इसके बाद हमने मालिकों से तनावपूर्ण व तनाव मुक्ति वाले काम कराए और उन पर तथा उनके कुत्तों पर पड़ने वाले इसके प्रभाव पर नजर रखी। तनावपूर्ण कार्यों में एक डिजिटल तनाव परीक्षण शामिल था, जिसमें मालिकों को एक मानसिक अंकगणितीय कार्य के साथ-साथ एक मौखिक प्रस्तुति कार्य भी करना था।



## ट्रेंड

### फ़र्ज़ी वोटों पर नजर रखें



गाली गलौज पार्टी ने अपने सातों सांसदों को अगले कुछ दिनों में नई दिल्ली विधान सभा में फ़र्ज़ी वोट बनवाने के लिए टारगेट दिए हैं। देखते हैं अगले कुछ दिनों में कितने नए वोट बनाने के आवेदन आते हैं। सब लोग इस पर नज़र रखें।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### नदी के बहाव से छेड़छाड़



नदियों के बहाव से छेड़छाड़ पर्यावरणीय अपराध है। प्रयागराज महाकुंभ में गंगा जी में ड्रेजर मशीन लगाने का मक़सद केवल अपने लोगों को ठेका देना और उनके ज़रिए भ्रष्टाचार से पैसा कमाना है। ऐसा करने से गंगा के प्राकृतिक पारिस्थितिक संतुलन पर बुरा असर होगा।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### ग्राहकों की सेवा



किसी कंपनी की अपने ग्राहकों की सेवा करने की क्षमता से बड़ी व्यावसायिक सफलता की कोई अभिव्यक्ति नहीं है। यह मार्गदर्शक सिद्धांत है जिसके लिए मैं अदाणी एयरपोर्ट्स के सभी सदस्यों से अपना समय समर्पित करने का आग्रह करता हूं।
-गौतम अदाणी, उद्योगपति

### वे स्वयं जानते हैं



यह कठिन है जब आप यह नहीं समझ पाते कि जब लोग कुछ कह रहे होते हैं तो उनका वास्तव में क्या मतलब होता है, ठीक है? ऐसा शायद इसलिए है क्योंकि वे स्वयं जानते हैं.. क्या आप जानते हैं।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर
गुरुवार, 9 जनवरी 2025
पौष शुक्ल पक्ष दशमी
वर्ष : 23, अंक : 174
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 26.8
न्यून. 13.1

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



7 एएफआई एथलीट आयोग की अध्यक्ष...

विचार पेज
02 योगी के कुशल प्रशासन की परीक्षा




# पुलिस के तबादले के लिए बनेगी नई नीति, नशे के कारोबारियों की संपत्ति होगी कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गृह विभाग की समीक्षा बैठक में एनडीपीएस एक्ट के तहत जारी एसओपी के पालन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा, नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और दोषी पाए जाने पर उनकी संपत्ति को तत्काल कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई पुलिस अधिकारी या कर्मचारी इस अवैध कारोबार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ ▶▶|शेष पेज 2 पर

## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ली गृह विभाग की मैराथन बैठक, अपराधियों के खिलाफ सख्ती के निर्देश

### पारदर्शी होगी स्थानांतरण नीति

पुलिस विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए नवीन स्थानांतरण नीति को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए, जिससे विभागीय कार्यक्षमता में सुधार हो सके।



### अनुकंपा नियुक्ति पर निराकरण तत्काल हो

बैठक में उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवानों के परिवारों को प्राथमिकता देते हुए अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा, शहीद हुए जवानों के अमर बलिदानी स्मारक का निर्माण उनकी परिवार की सहमति से प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि उनकी शहादत का सम्मान हर स्तर पर सुनिश्चित हो।

### चिटफंड कंपनियों की संपत्तियों की जल्द नीलामी करें

चिटफंड कंपनियों के खिलाफ समीक्षा करते हुए कहा, ऐसी कंपनियों की शेष संपत्तियों की जल्द नीलामी की जाए और उससे प्राप्त राशि को प्रभावित निवेशकों के बीच शीघ्रता से वितरित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि चिटफंड घोटालों से प्रभावित प्रत्येक हितग्राही को न्याय सुनिश्चित किया जाए।

### यातायात प्रबंधन को बनाएं प्रभावी

उपमुख्यमंत्री ने यातायात प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हांकन और उनके समाधान की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान ▶▶|शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मेघालय ओडिशा दौरे पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए गुरुवार से मेघालय और ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।पहले दिन वह मेघालय के उमियम में पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्र के लिए आईसीएआर अनुसंधान परिसर के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगी।



### नए इसरो चीफ नारायणन 14 को संभालेंगे पदभार

**नई दिल्ली।** इसरो के नए चीफ डॉ. वी. नारायणन होंगे। वह 14 जनवरी को एस. सोमनाथ की जगह लेंगे। इसरो के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक डॉ. वी. नारायणन फिलहाल लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर के डायरेक्टर हैं। करीब 4 दशकों के अपने करियर में उन्होंने इसरो के अंदर कई प्रमुख



### दिल्ली के कॉलेज में बम विस्फोट की धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के लेडी श्री राम कॉलेज समेत दो शैक्षणिक संस्थानों को बुधवार को बम की धमकी वाले ई-मेल मिले। डीएफएस के एक अधिकारी ने कहा, हमें लेडी श्री राम कॉलेज से पूर्वाह्न 11.40 बजे बम की धमकी भरे दो अलग-अलग कॉल की सूचना मिली।



### 2.2 किलो चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में पुलिस ने एक कथित मादक पदार्थ तस्कर के वाहन में एक बैग से 2.22 किलोग्राम चरस बरामद करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस के विशेष जांच दल ने बलोह टोल प्लाजा के पास वाहनों की जांच के लिए नाकाबंदी की।



### जेपीसी सदस्यों को सौंपी 18 हजार पन्नों की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** एक देश एक चुनाव संबंधी दो विधेयकों के लिए गठित संसदीय समिति ने बुधवार को अपनी पहली बैठक की। इस बैठक में भाजपा सदस्यों ने इस अवधारणा की सराहना की, जबकि विपक्षी सांसदों ने इस पर सवाल उठाए। कानून मंत्रालय की तरफ से जेपीसी के सदस्यों को पढ़ने के लिए नीले सूटकेस में 18 हजार पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट दी गई।

## छत्तीसगढ़ में पछुआ हवा से गिरा पारा, अभी और बढ़ेगी ठंड

# उत्तरभारत में कड़ाके की ठंड, तीन दिन में 29 की मौत, कई राज्यों में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/नई दिल्ली

सर्दी के सितम की वजह से लोगों की जिंदगी पर भी असर पड़ रहा है। अगले दो से तीन दिनों तक घने से बहुत घने कोहरे के जारी रहने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के शिमला मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया जबकि शुक्रवार को घने कोहरे का पूर्वानुमान जताया है। इस बीच, ऊना जिला मंगलवार रात को भीषण शीतलहर की चपेट में रहा, जहां न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा जबकि लाहौल एवं स्पीति जिले के ताबो में रात के समय तापमान शून्य से नीचे 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हमीरपुर, मंडी और कांगड़ा जिलों में शीतलहर जबकि बिलासपुर और मंडी में घना कोहरा देखा गया। कांगड़ा में हल्का कोहरा रहा। उत्तर-पश्चिम भारत में 11 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ बनने की उम्मीद है और ▶▶|शेष पेज 2 पर

■ उत्तर-पश्चिम भारत में एक बार फिर से मौसम बदलेगा

*उत्तर भारत के राज्यों में कड़ाके की ठंड जारी है। देश के कई राज्यों में सुबह घना कोहरा देखने को मिला। दिल्ली समेत कई राज्यों में विमान और कई ट्रेनें लेट हुईं। इस बीच,*

*मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से उत्तर-पश्चिम भारत में एक बार फिर से मौसम बदलने वाला है, जिसके चलते 12 जनवरी तक कई राज्यों में बारिश होगी। इससे ठंड और बढ़ सकती है।*

### देश का ऐसा हाल

- *दिल्ली में घने कोहरे के बीच तापमान में भारी गिरावट*
- *सिक्किम के ऊपरी इलाकों में भारी बर्फबारी*
- *झारखंड के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड*
- *राजस्थान के कई इलाकों में शीतलहर*
- *पंजाब, हरियाणा में कई स्थानों पर घना कोहरा*
- *कश्मीर में ठंड बढ़ी, न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे गिरा*





### बारिश के साथ ओले भी गिरे

पिछले 24 घंटे में अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश हुई। इसके अलावा, सब हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम में ओले गिरे। वहीं, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पाला पड़ा। पंजाब, जम्मू कश्मीर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश, ओडिशा, साउथ इंटीरियर कर्नाटक में घना कोहरा देखने को मिला।

### छत्तीसगढ़ में दो डिग्री गिरेगा तापमान

छत्तीसगढ़ में इन दिनों न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन हवा की दिशा बदलने से ठंड में कम हो रही है। साथ ही रात का तापमान बढ़ने लगा। हालांकि आउटर इलाकों में अभी ठंड बरकरार है। सुबह के समय कोहरा छाए हुए रहते हैं।

### इन राज्यों में अलर्ट

*पूर्वोत्तर भारत में हल्की से मध्यम बारिश होगी। असम में भी ओले पड़ने का अलर्ट है। 2 जनवरी तक उत्तर भारत के मौसम पर असर पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, राजस्थान में 11 जनवरी को, उत्तराखंड में 11 और 12 जनवरी को और राजस्थान में भी 11 जनवरी को बारिश व आंधी तूफान आने का अलर्ट है।*

## हाईकोर्ट का अहम फैसला

# किसी महिला के फिगर पर टिप्पणी करना भी अपराध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केरल हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि किसी महिला के बॉडी स्ट्रक्चर (शारीरिक संरचना) पर कमेंट करना सेक्शुअल हैरेसमेंट यानी यौन उत्पीड़न के बराबर है। हाईकोर्ट ने कहा कि किसी महिला की बॉडी स्ट्रक्चर पर टिप्पणी यौन दृष्टि से प्रेरित कमेंट है, जो सेक्शुअल हैरेसमेंट के तहत दंडनीय अपराध की कैटेगरी में आएगी। जस्टिस ए. बदरुद्दीन ने इस संबंध में केरल राज्य विद्युत बोर्ड के एक पूर्व कर्मचारी की याचिका को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिका में आरोपी ने उसी संगठन की एक महिला ▶▶|शेष पेज 2 पर

### आरोपी का दावा

मामले को रद्द करने का अनुरोध करते हुए अभियुक्त ने दावा किया कि किसी को उसकी सुंदर शारीरिक काया के लिए टिप्पणी करना, आईपीसी की धारा 354 ए और 509 तथा केरल पुलिस अधिनियम की धारा 120 (o) के तहत यौन रंजित टिप्पणी की कैटेगरी में नहीं माना जा सकता। वहीं, अभियोजन पक्ष और महिला ने दलील दी कि आरोपी के फोन कॉल और संदेशों में अभद्र टिप्पणियां थीं।

### इन धाराओं में केस दर्ज

महिला की शिकायतों के बाद, आरोपी पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) और 509 (महिला की गरिमा को अपमानित करने) और केरल पुलिस अधिनियम की धारा 120 (ओ) (अवांछित कॉल, पत्र, लिखित, संदेश भेजने के लिए संचार के किसी भी माध्यम का इस्तेमाल कर परेशान करना) के तहत मामला दर्ज किया गया।

# 100 साल पुराने मिशन अस्पताल परिसर पर चला बुलडोजर

- 2014 में खत्म हो गई थी लीज, अस्पताल प्रबंधन ने नहीं कराया था नवीनीकरण
- अस्पताल भवन 1973 में बना था, 1935 और 1895 में बने दो अन्य बिल्डिंग भी टूटेंगी
- 12 एकड़ जमीन पर अब लांच होंगे नालंदा परिसर सहित नए प्रोजेक्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

100 साल पुराने जर्जर मिशन अस्पताल परिसर पर नगर निगम का बुलडोजर चल ही गया। पूरे परिसर में खड़ी बिल्डिंगों को जमींदोज करते हुए इस 12 एकड़ जमीन पर नए प्रोजेक्ट लांच किए जाएंगे। पहले चरण में जिस भवन में अस्पताल लग रहा था उसे बुधवार को तोड़ा गया। यह अस्पताल 1973 से संचालित था। इसके बाद दो और भवन जो कि 1935 और 1895 में बने हैं, उनको भी तोड़ा जाएगा। निगम और जिला ▶▶|शेष पेज 2 पर

### 92 हजार वर्ग फीट जमीन की बिक्री

लीज अवधि समाप्त होने के बाद भी 30 सालों तक प्रबंधन ने नवीनीकरण नहीं कराया। साथ ही शर्तों का उल्लंघन करते हुए चौपाटी बनाकर किराए पर चढ़ाकर लाखों रुपए की कमाई की गई। कलेक्टर अवनीश शरण ने जांच कराई तो पता चला कि 31 अप्रैल 1994 तक लीज की अवधि थी और सेवा के नाम पर लीज लेकर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है।

### पुलिस और प्रशासन दिन भर अलर्ट पर

इस आदेश के परिपालन में निगम ओर प्रशासन की टीम ने बुधवार की सुबह से इस बिल्डिंग को तोड़ना शुरू किया। सुबह 5 बजे 10 बुलडोजर और दो पोकलेन के सहारे अमला पहुंच गया था। इससे पहले ईदगाह चौक से लेकर लखीराम ऑडिटोरियम तक बैरिकेडिंग कर दी गई थी। दिन भर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी अलर्ट पर रहे, जवानों की भारी तैनाती रही। किसी को भी परिसर के अंदर जाने की इजाजत नहीं थी। निगम से अपर कमिश्नर खजांची कुम्हार, जोन कमिश्नर अभिनव सिंह, नजूल तहसीलदार शिल्पा भगत के साथ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## बेकाबू हुआ हाथी...





1. पुथियांगडी उत्सव के दौरान जानलेवा हमला
2. एक शख्स को सूंड पर लपेटकर फेंक दिया
3. 24 श्रद्धालु घायल हो गए

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मलप्पुरम जिले में पुथियांगडी उत्सव के दौरान हाथी ने अपना आपा खो दिया। हाथी ने एक शख्स को अपनी चपेट में लेकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हाथी ने पहले शख्स को अपनी सूंड पर उल्टा लटकाया, फिर उसे हवा में उछालते हुए तेजी से फेंक दिया। तिरूर में रात करीब 12 :30 बजे हुई। इस घटना में कम से कम 24 लोग घायल हो गए।

## बच्ची स्वस्थ, अस्पताल से छुट्टी

# मुंबई में एचएमपीवी का केस 6 माह की बच्ची मिली संक्रमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु के बाद महाराष्ट्र में भी ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस की एंट्री हो चुकी है। मंगलवार को नागपुर से दो मामले सामने आए थे, वहीं अब मुंबई से एक एचएमपीवी से संक्रमित मरीज सामने आया है। छह महीने की बच्ची में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के लक्षण दिखे हैं।

### डब्ल्यूएचओ ने बताया साधारण वायरस

चीन के बाद भारत में दस्तक देने वाले एचएमपीवी पर विश्व स्वास्थ्य संगठन का पहला रिएक्शन सामने आया है। डब्ल्यूएचओ ने इसे साधारण वायरस बताया है। संगठन की ओर से कहा गया है कि एचएमपीवी नया नहीं है।

## भाजपा-आप में केजरीवाल के आवास को लेकर बढ़ा टकराव

# दिल्ली चुनाव 'शीशमहल' और 'राजमहल' में उलझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा और आम आदमी पार्टी में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास को लेकर टकराव बढ़ गया है। केजरीवाल के आवास में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आप नेता संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज ने प्रधानमंत्री और केजरीवाल के आवास का दौरा करने की कोशिश की। इस बीच भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री आतिशी के घर के बाहर प्रदर्शन किया। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जिस सीएम आवास को भाजपा बार-बार शीशमहल का नाम दे रही है, उसी शीशमहल के सामने अब दिल्ली ▶▶|शेष पेज 2 पर



### सौरभ भारद्वाज ने दिया बयान

सीएम आवास के बाहर संजय सिंह की पुलिस के साथ नोकझोंक भी हो गई। वहीं, जब लाख कोशिशों के बावजूद पुलिस ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया तो संजय सिंह सीएम आवास के बाहर की धरना देने बैठ गए।

### शीशमहल के बाद देखेंगे राजमहल

आप सांसद संजय सिंह का कहना था कि बीजेपी सीएम आवास को शीशमहल कहती है। वहीं, प्रधानमंत्री आवास भी किसी राजमहल से कम नहीं है। इसलिए आज हम सभी को शीशमहल दिखाएं और शीशमहल देखने के बाद हम राजमहल देखने भी जाएंगे। संजय सिंह ने भाजपा को चुनौती दी है कि वो 2700 करोड़ रुपए में बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आलीशान राजमहल को भी दिखाएं।



### भाजपा ने आतिशी को कहा, 'बंगले वाली देवी'

*दिल्ली भाजपा अध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा दिल्ली की सीएम आतिशी के बंगले पर पहुंचे। उन्होंने कहा- आतिशी को मथुरा रोड का बंगला आवंटित किया गया है। वो रहती कालकाजी में हैं। उनके पास दो-दो बंगले हैं। 'बंगले वाली देवी' को और कितने बंगले चाहिए।*

### कांग्रेस भी विवाद में कूदी

*भाजपा के बाद कांग्रेस भी शीशमहल विवाद में कूद पड़ी। कांग्रेस नेता गुरुदीप सिंह सप्पल ने कहा- कांग्रेस पार्टी ने 55 साल तक शासन किया है और गांधी परिवार के 3 सदस्य प्रधानमंत्री रहे हैं। गांधी परिवार ने देश के लिए अपना आनंद भवन दान कर दिया।*

## जैकेट के शेष

### 1000 साधु-संतों ने ....

सुंदर झांकियां में दिखी दिव्यता तीनों वैष्णव अनि अखाड़े निर्मोही, निर्वाणी और दिगंबर परंपरा वाले संतों की छावनी प्रवेश शोभायात्रा केपी इंटर कॉलेज से शुरू हुई। नगर भ्रमण करते हुए शोभायात्रा काली मार्ग की दक्षिणी पटरी पर स्थित महाकुंभ की छावनी में प्रवेश की। इस छावनी प्रवेश शोभायात्रा में ऊंट,घोड़े रथ, बग्घियां, बैंड बाजे और सुंदर झांकियां की दिव्यता और भव्यता दिखाई दे रही थी।

### बस्तर की सड़कों .....

जिले के रेमावंड से मालिगनार मार्ग पर पीएमजेएसवाई की ओर से बनाई गई पुलिया बह चुकी है। कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत संबलपुर में सड़क जर्जर हो चुकी है। इसके अलावा बस्तर जिले के बास्तानार क्षेत्र अंतर्गत पखनार गांव जाने के पांच किमी पूर्व स्थित सड़क की नीचे मुरूम, मिट्टी बह गई है। इन सड़कों का हिसाब मिलना अब मुश्किल है। बताया जा रहा है कि बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में गंगालूर से नेलसनार गांव नेलसनार-कोडोली-मिरतुर-गंगालुर मार्ग लम्बाई 52.40 किमी मार्ग में 35 से ज्यादा गड्ढे हैं। पीडब्ल्यूडी के ओर से बताया कि नेलसनार, कोडोली, मिरतुर, गंगालुर मार्ग लंबाई 52.40 किमी एलडब्लूई योजना में स्वीकृत और लागत 188.78 करोड़ रूपए है, जिसे 30 भागों में विभक्त किया गया था, जिसमें से 17 भाग ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर को दिया गया है। इसकी लंबाई 32.40 किमी लागत 141.39 करोड़ रूपए एवं व्यय 116.17 करोड़ रूपए किया गया है। साथ ही बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंडागांव, कांकेर एवं नारायणपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भी सड़कों का निर्माण किया गया पर वर्तमान में लगभग दर्जन भर सड़कें जर्जर हैं, जहां से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने जर्जर सड़क की मरम्मत करने की मांग की पर अब तक नहीं सका।

### दोषी पर होगी ....

सड़क के निर्माण कार्य की जांच के लिए सीई सहित कांकेर के अधीक्षण अभियंता संजय सूर्यवंशी, कोंडागांव के कार्यपालन अभियंता एआर मरकाम, एसडीओ आरएन उसेण्डी एवं उप अभियंता जितेन्द्र साहू की टीम गठित की गई।

### कड़ी सुरक्षा के बीच ....

का शव मिला था, मुकेश चंद्राकर 1 जनवरी से गायब थे और परिजनों और पत्रकारों ने 2 जनवरी को कोतवाली थाना में मामले की शिकायत दर्ज करवाई थी। पत्रकार मुकेश ने ही ठेकेदार के भ्रष्टाचार को उजागर किया था, जिसके बाद उस पर कार्रवाई हुई थी।

### हैदराबाद से किया .....

आरोपी सुरेश चंद्राकर को देर रात हैदराबाद में पकड़ा गया था। इस मामले में अब तक मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर के अलावा 3 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इनमें रितेश चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर और महेंद्र रामटेके शामिल है।

### माड़ मुठभेड़ में ....

चलती रही। इसी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 2 महिला समेत 5 माओवादियों को मार गिराया था। मौके से एके 47, एसएलआर, 8 एमएम रायफल, 12 बोर रायफल समेत भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद किया गया था। मुठभेड़ में मारे गए सभी माओवादियों की शिनाख्त कर ली गई है, जिनपर 21 लाख रुपए का इनाम घोषित था। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि मारे गए माओवादियों में चार पर 5-5 लाख का तथा एक पर एक लाख का इनाम घोषित था। इनकी शिनाख्त 5-7 लाख के इनामी पीपीसीएम प्लाटून नम्बर 32 के मेंबर निवासी बीजापुर देवसिंह के अलावा दिनेश निवासी दक्षिण बस्तर, सुमती उर्फ कमला उर्फ कविता निवासी करांचा तहसील अहेरी जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र, सुकमती निवासी बीजापुर तथा एक लाख के इनामी महेश उर्फ लच्छू पुंगाटी, गट्टाकाल मिलिशिया कमाण्डर निवासी मेटावाड़ा के रूप में हुई है।

**अभियान में डीआरजी व एसटीएफ की टीम शामिल** : आईजी ने बताया कि संयुक्त आपरेशन में जिला दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर व कोंडागांव की डीआरजी के अलावा एसटीएफ की टीम शामिल थी। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से मारे गए माओवादियों के शव के अलावा एके 47 रायफल, 20 राउण्ड व 2 मैग्जीन, 2 एसएलआर रायफल के अलावा 35 राउण्ड व 4 मैग्जीन, 8 एमएम रायफल 7 नग राउण्ड और 8 मैग्जीन तथा 12 बोर रायफल के अलावा भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद किया था।

**सरेंडर के अलावा कोई विकल्प नहीं** : संगठन से अपील है कि वे तत्काल हिंसात्मक गतिविधियों को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़े अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहें।

- सुंदरराज पी, आईजी बस्तर

### इसी मुठभेड़ के ....

नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर वाहन को उड़ा दिया था। जिसमें जवानों की शहादत हुई थी।

### महादेव सट्टा एप ....

खड़ग उर्फ राजा सिंह, अभिषेक और पिंटू के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 4ए के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके अलावा आईपीसी की धारा 420, 120बी और आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत भी केस दर्ज किया गया था। बाद में इस मामले में ईडी ने भी ईसीआईआर यानी प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट दर्ज की थी। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अभिषेक और पिंटू नामक दो व्यक्तियों के नामों का खुलासा किया। बाद में जांच के दौरान अन्य आरोपी पकड़े गए। इसमें से अमित कुमार अग्रवाल ने हाई कोर्ट में जमानत अर्जी लगाई थी। हाई कोर्ट ने मंगलवार को इसे खारिज कर दिया है।

### महिलाओं ने बनाया ....

फुलबासन बाई यादव और फेडरेशन के संरक्षक शिव देवांगन द्वारा गांव-गांव जाकर महिलाओं को जिमीकंद की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे महिलाओं को आर्थिक लाभ भी मिलना शुरू हो चुका है। इस खेती को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने अब जिमीकंद पर गीत तैयार किया है।

## पेज एक के शेष

### पुलिस के तबादले के लिए...

तुरंत बर्खास्तगी सहित कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंत्रालय में हुई बैठक में उपमुख्यमंत्री ने कहा, मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम के लिए एनडीपीएस एक्ट के तहत किए गए अभियानों का आकलन किया गया। साथ ही पुलिस थानों के परिसीमन और नए थानों की स्थापना के प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। राज्य स्तरीय साइबर थाने की कार्यप्रणाली और साइबर अपराधों पर नियंत्रण को लेकर हुई प्रगति की समीक्षा की गई। तकनीकी और संरचनात्मक सुधारों पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जा रही नई तकनीकों का अध्ययन करें और राज्य में लागू करने की योजना तैयार करें। बैठक में 17 जिलों में डायल 112 सेवा के विस्तार पर भी चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुवा, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**पुलिस के कार्यों का करें डिजिटलाइजेशन** : उपमुख्यमंत्री ने पुलिस कर्मचारियों के कल्याण पर जोर देते हुए पुलिस पब्लिक स्कूलों की स्थापना, पुलिस आवास योजना और केपीकेबी कैंटीन की स्थिति की समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के कार्यों को डिजिटलाइजेशन के माध्यम से और अधिक पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रक्रियाओं और डाटा मैनेजमेंट को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जाए।

### यातायात प्रबंधन...

चलाने और नई तकनीकों के उपयोग पर बल दिया गया। उपमुख्यमंत्री ने स्कूलों में यातायात जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए।

### उत्तरभारत में कड़ाके की...

मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को कुछ स्थानों पर बारिश व हिमपात का पूर्वानुमान जताया है। शुक्रवार तक मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा और लाहौल-स्पीति तथा किन्नौर में कुछ स्थानों को छोड़कर अधिकांश जगह बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने शीतलहर वाले जिलों में लोगों को गर्म कपड़े पहनने, समय-समय पर पानी पीते रहने की सलाह दी है।

### किसी महिला के फिगर पर...

कर्मचारी द्वारा उसके खिलाफ दायर यौन उत्पीड़न के मामले को रद्द करने का अनुरोध किया था। 'लाइव एंड लॉ' के मुताबिक, अदालत ने अपने अहम फैसले में कहा कि एक व्यक्ति द्वारा एक महिला के शरीर की संरचना के बारे में टिप्पणी करना और उसे फाइन कहना प्रथम दृष्टया यौन रूप से प्रेरित टिप्पणी है। महिला ने आरोप लगाया था कि आरोपी 2013 से उसके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा था। फिर 2016-17 में उसने आपत्तिजनक संदेश और वॉयस कॉल भेजना शुरू कर दिया। उसने दावा किया था कि केरल राज्य विद्युत बोर्ड और पुलिस में शिकायत के बावजूद वह उसे आपत्तिजनक मैसेज भेजता रहा। जब शिकायतकर्ता केरल राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के इलेक्ट्रिकल सेक्शन में काम कर रही थी, तब आरोपी ने यौन रूप से भड़काऊ टिप्पणी की थी। उसने कहा था कि महिला की "बॉडी स्ट्रक्चर ठीक है। यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी ने उसके मोबाइल नंबर पर यौन रूप से भड़काऊ मैसेज भेजे।

### 100 साल पुराने मिशन...

प्रशासन ने इन सभी बिल्डिंगों को जर्जर घोषित किया है। हालांकि पहले ही दिन अस्पताल भवन को तोड़ने में निगम को पसीने छूट गए। सुबह 5 बजे से तोड़फोड़ में जुटा अमला 10 बुलडोजर और दो पोकलेन के सहारे में शाम पांच बजे तक 12 घंटे में आधा बिल्डिंग ही गिरा सका, जिस जगह पर चौपाटी लग रही थी, उसे भी पूरा तोड़ दिया गया है। इसके बाद मिशनरी की ओर से दायर याचिका पर कोर्ट के मौखिक आदेश पर काम रोक दिया गया। हाईकोर्ट में गुरुवार की सुबह 10.30 बजे मामले की सुनवाई होगी।

गौरतलब है कि क्रिश्चियन बोर्ड आफ वुमन बोर्ड की स्थापना 1885 में हुई थी। इसके बाद से अस्पताल संचालित हो रहा। फिलहाल जहां अस्पताल चल रहा है, वह बिल्डिंग 1973 में बनी है। इस पूरी करीब 12 एकड़ जमीन लीज पर थी, जिसकी अवधि 2014 में खत्म हो गई है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने लीज का नवीनीकरण नहीं कराया है। नवीनीकरण के लिए पेश किए गए आवेदन को नजूल न्यायालय ने वर्ष 2024 में खारिज कर दिया। मिशन प्रबंधन को हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिली थी। इसके बाद कमिश्नर कोर्ट ने भी प्रशासन के कब्जा आदेश को सही ठहराया था। ध्यान रहे कि मिशन अस्पताल का एक समय शहर की स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र था। हालांकि, समय के साथ भवन की स्थिति बिगड़ती चली गई और इसे उपयोग के लिए असुरक्षित घोषित कर दिया गया। वर्तमान में इस पूरी जमीन की कीमत करीब 100 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

अब यह प्रोजेक्ट आ सकते हैं

**4 एकड़ में नालंदा परिसर** : निगम इस 12 एकड़ जमीन पर सबसे बड़ा प्रोजेक्ट नालंदा परिसर बनाने वाला है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई लेकिन निगम सूत्रों के मुताबिक रायपुर में चल रहे "नालंदा परिसर" की तर्ज पर यहां भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए करीब 4 एकड़ में विश्व स्तरीय भवन बनाया जाएगा। यहां प्रदेश के युवा संघ लोक सेवा आयोग समेत दूसरी तैयारियां कर सकेंगे। इसके लिए जिला खनिज न्यास से 8 करोड़ रुपए की राशि आवंटित होने की भी जानकारी है। शहरवासी इसकी मांग भी प्रशासन से कर रहे हैं।

**बृहस्पति बाजार यहीं होगा शिफ्ट** : बृहस्पति बाजार सब्जी मार्केट को इसी परिसर में शिफ्ट करने की तैयारी है। निगम ने इसका पूरा ड्राइंग डिजाइन तैयार कर लिया है। 13.39 करोड़ की लागत वाले इस मल्टी-लेवल सब्जी मार्केट में 255 दुकानदारों को जगह दिए जाने की बात है। नए मार्केट में लेडिज, जेंट्स के टायलेट अलग-अलग होंगे। बेसमेंट पार्किंग होगी, जहां 164 बाइक व 64 कार पार्क होंगे। ग्राउंड फ्लोर पर सभी सब्जी विक्रेताओं के लिए बड़े आकार के चबूतरे उपलब्ध होंगे। फर्स्ट फ्लोर में गोदाम और अन्य दुकानें आवंटित की जाएंगी।

### दिल्ली चुनाव 'शीशमहल'...

पुलिस खड़ी है। भाजपा ने दिल्ली के सीएम आवास को भ्रष्टाचार का अड्डा करार दिया है। इसी बीच जब आप सांसद संजय सिंह और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज सिविल लाइंस स्थित सीएम आवास पहुंचे, तो दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता रोक दिया।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

स्थानीय लोगों में फैला आक्रोश

# उन्नाव में टूटा मिला महाभारत कालीन ऐतिहासिक शिवलिंग

एजेंसी ▶▶| उन्नाव

उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में ऐतिहासिक बिल्लेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को एक शिवलिंग क्षतिग्रस्त पाया गया। इसके बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है। इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अवधेश कुर्मी के रूप में हुई है। वो अपनी बीवी की बीमारी की वजह से परेशान था। इस वजह से उसने इस घटना को अंजाम दिया। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अखिलेश सिंह ने बताया कि यह घटना तहसील मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर पुरवा-मौरावां मार्ग पर पुरवा कोतवाली क्षेत्र में स्थित बिल्लेश्वर महादेव मंदिर में हुई। स्थानीय लोगों का मानना है कि अपने धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के कारण प्रतिष्ठित शिवलिंग महाभारत काल का है।

### आरोपी ने हताशा में किया कांड

एएसपी ने बताया कि आरोपी ने हताशा में आकर शिवलिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया। उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। इसके साथ ही एक अन्य शिवलिंग को क्षतिग्रस्त करने की बात भी स्वीकार की है। हिंदू जागरण मंच के नेता अजय त्रिवेदी ने इस कृत्य की निंदा करते हुए कहा कि शिवलिंग के अपमान से भक्तों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोर की पूरी हरकत रिकॉर्ड हो गई।

30 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला जा रहा

# लॉस एंजिल्स के जंगलों में भीषण आग ने मचाई तबाही, कई घर जलकर राख

एजेंसी ▶▶| लास एंजलिस



दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में लगी भयंकर आग विकराल रूप ले चुकी है। हजारों लोगों को रिहायशी इलाकों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जा गया है। लॉस एंजिल्स के पहाड़ी इलाकों में लगी आग को बुझाने के लिए अग्निशमन दल ने कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। आग की लपटें मीलों तक फैली हुई हैं। तूफानी हवाओं के कारण स्थिति और गंभीर हो गई है, जिससे राहत कार्यों में बाधा आ रही है।

इस बीच राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आर्थिक मदद की घोषणा की है। लॉस एंजिल्स फायर डिपार्टमेंट की फायर चीफ क्रिस्टिन क्राउली ने बताया कि 10,000 से अधिक घरों और 13,000 से अधिक इमारतों में रहने वाले करीब 26,000 लोग आग से प्रभावित हुए हैं। बड़ी तादात में लोग अपनी कारों को छोड़कर पैदल ही सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं, क्योंकि सड़कें भीषण आग के चलते अवरुद्ध हैं। आग को तेज हवाओं ने और बढ़ा दिया है।



### 5 लाख लोग प्रभावित

कैलिफोर्निया के लाखों लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई है। इसके साथ ही लोगों को आग के और फैलने का खतरे से आगाह किया गया है। इसके साथ ही बड़े इलाके की बिजली सप्लाई को बंद कर दिया गया है। जिसके चलते करीब पांच लाख लोग प्रभावित हुए हैं। पश्चिमी लॉस एंजिल्स के पैसिफिक पैलिसेड्स में आग ने लगभग 2 वर्ग मील से अधिक जंगल को जला दिया है। जिससे पूरे शहर में धुएं गुबार देखा जा सकता है। आग से न केवल संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर हानि हुई है। सैकड़ों पेड़ और जानवर इस आग में जलकर खाक हो गए हैं। पैलिसेड्स जंगल में आग लगने की सूचना सबसे पहले मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे उत्तरी पिएड्रा मोराडा ड्राइव में आई। अग्निशमन विभाग के अनुसार, तेज हवाओं के कारण दोपहर तक यह 200 एकड़ से अधिक क्षेत्र में आग फैल गई।

### आपात शेल्टर किए गए तैयार

राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि बुधवार को सुबह चलने वाली तेज हवाएं स्थिति को और बिगाड़ सकती है। लॉस एंजिल्स यूनिफाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट का कहना है कि आग के कारण पैसिफिक पैलिसेड्स क्षेत्र के तीन परिसरों से छात्रों को अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया जा रहा है। बचाव दल लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। स्थानीय स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों, और अन्य सुरक्षित स्थानों को आपात शेल्टर के रूप में तैयार किया गया है। खराब मौसम के कारण राष्ट्रपति जो बाइडन ने कैलिफोर्निया के रिवरसाइड काउंटी की यात्रा रद्द कर दी हैं। जहां उन्हें राज्य में दो नए राष्ट्रीय स्मारकों की स्थापना की घोषणा करनी थी। बाइडन रिवरसाइड काउंटी के बजाय लॉस एंजिल्स में अपना भाषण देंगे।

# हाथरस भगदड़ मामले में एसपी-कलेक्टर तलब

एजेंसी ▶▶| इलाहाबाद

**खास बात**

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा, 'आपको जिम्मेदार क्यों ना ठहराया जाए?

यूपी के हाथरस जिले में हुए भगदड़ मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डीएम और एसपी को तलब किया है। हाईकोर्ट ने हाथरस के तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को 15 जनवरी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने और यह बताने का निर्देश दिया है कि 2024 में हुई भगदड़ के लिए उन्हें जिम्मेदार क्यों नहीं ठहराया जाना चाहिए।

कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 15 जनवरी तय की है। मामले में न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने कहा कि ऐसी घटनाएं आयोजकों द्वारा की गई खराब व्यवस्था का परिणाम हैं। उन्होंने मंजू देवी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा- 'आयोजक अपने लाभ के लिए निर्दोष लोगों को बुलाते हैं और उचित व्यवस्था न होने के कारण ऐसी घटनाएं होती हैं। यह देखना प्रशासन की जिम्मेदारी है कि पुलिस बल, चिकित्सा आदि की उचित व्यवस्था है या नहीं।'

### 121 लोगों की हुई थी मौत

आपको बता दें कि 2 जुलाई, 2024 को हाथरस जिले के फुलराई मुगलगढ़ी गांव में सूरजपाल उर्फ भोले बाबा के अनुयायियों द्वारा आयोजित 'सत्संग' कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मच गई थी जिसमें 121 लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हो गए थे। मामले में सब-इंस्पेक्टर बृजेश पांडे की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला और पुलिस प्रशासन से हाथरस की घटना से सबक लेने और प्रयागराज में होने वाले आगामी महाकुंभ के लिए उचित व्यवस्था करने की आवश्यकता जताई, ताकि ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

तेजस विमानों की डिलीवरी का मामला

# आईएएफ चीफ ने जताई चिंता, बोले- '40 जेट्स का ऑर्डर अभी तक नहीं मिला'

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के चीफ एपी सिंह ने तेजस लड़ाकू विमानों की स्लो डिलीवरी को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि 2009-2010 में ऑर्डर किए गए 40 तेजस विमानों की पहली खेप अभी तक वायुसेना को नहीं मिली है, वायुसेना प्रमुख ने ये बात 21वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जब चीन जैसे देश अपनी वायुसेना में भारी निवेश कर रहे हैं, तो भारत को भी अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। चीन द्वारा सिक्स जेनरेशन के स्टेल्थ लड़ाकू विमान का परीक्षण किए जाने के कुछ दिन बाद एपी सिंह ने ये टिप्पणी की. एपी सिंह ने बताया कि पहला तेजस विमान 2001 में उड़ाया गया था, लेकिन इसे वायुसेना में शामिल करने में 15 साल लग गए और यह प्रक्रिया 2016 में शुरू हुई। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हमें 1984 में जाना चाहिए, जब हमने इस विमान की परिकल्पना की गई थी, पहला विमान 2001 में उड़ाया गया, यानी 17 साल बाद इसे शामिल करने में और 15 साल लग गए।


## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**माह जनवरी-25 एवं फरवरी-25 में होने वाले स्क्रैप ई-नीलामी का अतिरिक्त दिनांक**

[A] जनवरी- 2025

| GSD/Raipur | BSP/Division | Raipur/Division | Nagpur/Division | GSD/NGP |
|---|---|---|---|---|
| 27.01.2025 | 22.01.2025 | 23.01.2025 | 24.01.2025 | 15.01.2025 |

[B] फरवरी- 2025

| GSD/Raipur | BSP/Division | Raipur/Division | Nagpur/Division | GSD/NGP |
|---|---|---|---|---|
| 25.02.2025 | 22.02.2025 | 24.02.2025 | 28.02.2025 | 27.02.2025 |

CPR/10/AM/428 सहायक सामग्री प्रबंधक-II दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail


### गैंगस्टर अरुण गवली को मिली 28 दिन की फरलो

एजेंसी ▶▶| नागपुर



बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने गैंगस्टर से राजनीतिक नेता बने अरुण गवली को 28 दिन की फरलो दे दी है। वह शिवसेना के एक पार्षद की 2007 में हुई हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। न्यायमूर्ति नितिन साम्ब्रे और न्यायमूर्ति वृषाली जोशी की खंडपीठ ने मंगलवार को गवली की याचिका स्वीकार कर ली, जिसमें फरलो पर रिहाई की मांग की गई थी।


## पूर्व तट रेलवे

ई-प्रॉक्योरमेन्ट सिस्टम

निविदा सूचना सं. PCMM/EP/2024-25/127, दिनांक: 02.01.2025

**क्र सं. 01:** निविदा सं. 02241115A, सामग्री का संक्षिप्त विवरण: हिटाची के लिए कॉर्बन ब्रश। मात्रा: 13454 जोड़ी।

**क्र सं. 02:** निविदा सं. 02241604, सामग्री का संक्षिप्त विवरण: गीयर केस मशीन्ड (MS)। मात्रा: TS के अनुसार।

**क्र सं. 03:** निविदा सं. 03241062E, सामग्री का संक्षिप्त विवरण: L टाइप कम्पोजिट ब्रेक ब्लॉक। मात्रा: TS के अनुसार।

**क्र सं. 04:** निविदा सं. 05245401, सामग्री का संक्षिप्त विवरण: मोनोमोड ऑप्टिकल फाइबर केबल। मात्रा: TS के अनुसार।

**निविदा खुलने की तारीख:** 20.01.2025 (क्रमांक 1 के लिए), 13.01.2025 (क्रमांक 2 के लिए), 27.01.2025 (क्रमांक 3 के लिए), 03.02.2025 (क्रमांक 4 के लिए)।

विस्तृत सूचना, ईएमडी, क्रय प्रतिबंधों तथा निविदा की विस्तारित शर्तों के संबंध में कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in देखें।

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/भुवनेश्वर

PR-861/P/24-25



**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार परमानंद उम्र 65 वर्ष पिता स्व. राम जी साहू व अन्नपूर्णा उम्र 55 वर्ष परमानंद साहू जाति तेली, निवासी दोनो ग्राम-कुर्रा, तहसील भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.) के कब्जे में ग्राम कुर्रा पटवारी हल्का नम्बर 23, तहसील कुरूद जिला धमतरी में खसरा नंबर 632/1 रकबा 0.08 हेक्टेयर भूमि जो बंटवारे के पश्चात कब्जे में है अर्थात 35 वर्षों से मेरे पक्षकारगण मकान बनाकर निवास कर रहे है, जिसके संबंध में व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.) में व्यवहार वाद क्रमॉक 110अ/2024 लंबित है जिसकी सुनवाई तारीख 28/01/2024 है, जिसमें मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय या अंतरण न कर सके इस हेतु स्थगन आवेदन पेश किया गया है, जिसे देवप्रकाश, झरनारानी साहू, उषा साहू द्वारा कुछ अनाधिकृत व्यक्तियों के साथ मिलकर उक्त सम्पत्ति को कुटरचित दस्तावेजो के साथ छलपूर्वक विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि उक्त भूमि पर 35 वर्षो से मेरे पक्षकारागणों का मकान बनाकर कब्जा है, जिसे किसी अन्य व्यक्ति से किसी भी का कोई भी संव्यवहार एवं विक्रय न किया जावे अन्यथा ऐसा करने वाले व्यक्तियो के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जावेगी तथा उसे उक्त प्रकरण में वादकालिन अवधि में जमीन अंतरण एवं विक्रय करने के संबंध में पक्षकार के रूप में संयोजित कर उक्त अंतरण एवं विक्रय को निरस्त करने हेतु उचित कार्यवाही की जावेगी, जिसके समस्त खर्च एवं छतिपूर्ति के लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। सो सूचना जानों।

भवदीय
गुणवंत सोलंके (अधिवक्ता) सिविल कोर्ट कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)
मो. नम्बर 9131120845/9981134491



न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./202501113700006 /
अ-6/2024-25 ग्राम-जरवाय उर्फ हीरापुर,
प.ह.नं. 35 तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
रायपुर, दिनांक 03/01/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती सुनीता देवी अग्रवाल पति श्री सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल निवासी द्वितीय तल, ढिल्लन कॉम्पलेक्स, जवाहर नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम जरवाय उर्फ हीरापुर, प.ह.नं. 35, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक बी-3(8), सेक्टर-04 खसरा नंबर 625 का भाग, रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता उदया सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्यादित रायपुर द्वारा उपाध्यक्ष शिवनाथ सिंह ठाकुर पिता श्री नरहर सिंह ठाकुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 15/03/1991 को क्रय किया गया है। अतः उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है।

अतः आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 20/01/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)


## शब्द पहेली - 5742



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -5741 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5753

✱ ✩ ✩ ✩ ✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5752 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## 'इमरजेंसी' के लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं कंगना

# कंगना से पहले इन अभिनेत्रियों ने निभाया इंदिरा गांधी का रोल

*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत इन दिनों अपनी फिल्म इमरजेंसी के लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। कंगना ने वैसे तो अपने फिल्मी करियर में कई तरह के किरदार निभाए हैं। सीएम जयललिता के किरदार से लेकर इंदिरा गांधी का किरदार। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब किसी अभिनेत्री ने इंदिरा गांधी का रोल पर्दे पर निभाया हो। कंगना से पहले भी कई अभिनेत्रियां इस किरदार को निभा चुकी हैं।*

### कंगना रनौत : 'इमरजेंसी'



कंगना रनौत फिल्म इमरजेंसी में पहली महिला प्रधानमंत्री के रोल में नजर आएंगी। फिल्म इजरजेंसी का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ। इस फिल्म का ट्रेलर में कंगना कहती नजर आईं 'मैं ही केबिनेट हूं'। उनकी फिल्म के कई डायलॉग अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

### लारा दत्ता : 'बेल बॉटम'



कंगना से पहले इंदिरा गांधी के किरदार को बॉलीवुड अभिनेत्री लारा दत्ता ने निभाया था। फिल्म बेल बॉटम में लारा इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आई थीं। भले ही फिल्म बेल बॉटम, बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन फिल्म में दर्शकों को लारा का किरदार पसंद आया था। लारा ने फिल्म में इस रोल को बखूबी निभाया था।

### फ्लोरा जैकब : 'रेड'



फ्लोरा जैकब उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने पर्दे पर एक नहीं बल्कि दो बार इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है। पहली बार उन्होंने फिल्म रेड में इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई। इसके बाद उन्होंने कंगना की फिल्म थलाइवी में भी इंदिरा गांधी का रोल निभाया था।

### नवनी परिहार : 'भुज द प्राइड ऑफ इंडिया'



बॉलीवुड अभिनेत्री नवनी परिहार ने भी पूर्व प्रधानमंत्री का किरदार एक फिल्म में निभाया है। नवनी ने अजय देवगन की फिल्म भुज द प्राइड ऑफ इंडिया में इंदिरा गांधी का किरदार निभाया था, जो साल 2021 में रिलीज हुई थी।

### सुप्रिया विनोद : 'इंदु सरकार'



फिल्म इंदु सरकार में अभिनेत्री सुप्रिया विनोद ने इंदिरा गांधी का किरदार निभाया था। यह फिल्म 2017 में रिलीज हुई थी। फिल्म में नील नितिन मुकेश संजय गांधी की भूमिका में नजर आए थे।

**32 साल बाद थिएटर में फिर रिलीज होगी 'रामायण' :** मुंबई। भगवान राम और लंकेश के बीच हुए युद्ध पर आधारित एनिमेटेड फिल्म 'रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' तीन दशक बाद भारत में सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। पहले यह फिल्म 18 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे टाल दिया गया है। फरहान अख्तर ने हाल ही में नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। अब यह फिल्म 24 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। टेलीविजन पर प्रसारित होने से पहले यह फिल्म सबसे पहले भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिखाई गई थी।

## कार्यालय, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

Email -cmodongargarh@rediffmail.com

क्रमांक /1260/लो.क.वि./ न.पा.प./ 2025 डोंगरगढ़, दिनांकः 08/01/2025

### द्वितीय ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के एस.ओ.आर. भवन / रोड 01.01.2015 एवं निविदा दिनांक तक संशोधित एस.ओ.आर. तथा नॉन एस.ओ.आर. आइटम से सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु द्वितीय ई - निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | सिस्टम टैंडर नम्बर | निविदा का प्रकार | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 164009 | द्वितीय | वार्ड क्रमांक 17 में अटल परिसर निर्माण कार्य । | 29.41 | 23/01/2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की समान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्युरमेंट वेब पोर्टल www.uad.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, डोंगरगढ़**

## 'द साबरमती रिपोर्ट' 10 को ओटीटी पर देगी दस्तक



**मुंबई।** विक्रांत मैसी और राशि खन्ना अभिनीत फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' नवंबर 2024 सिनेमाघरों में रिलीज हुई। थिएटर के बाद अब यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी रिलीज डेट का ऐलान किया है। फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होने जा रही है। जी5 के इंस्टाग्राम अकाउंट से बुधवार को एक पोस्ट साझा किया गया है। इसके साथ लिखा है, 'फिल्म का प्रीमियर 10 जनवरी से होगा'। धीरज सरना निर्देशित यह फिल्म 15 नवंबर, 2024 को बड़े परदे पर रिलीज हुई थी। यह फिल्म 2002 में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की घटना पर आधारित थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिनेमाघरों में रिलीज होने पर द साबरमती रिपोर्ट की सराहना की। अब इस फिल्म का डिजिटल प्रीमियर होने वाला है। विक्रांत मैसी और राशि खन्ना के अलावा फिल्म में रिद्धि डोगरा भी नजर आईं।

**फ्लैट बेचना है किराये से देना है**

शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-

मो. : 9977345867

इस महीने घर बैठे रायपुर में संपत्ति खरीदने का **आज अंतिम दिन**

**//ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना//**
**Website: https://rda.cgstate.gov.in**

रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आवासीय, व्यावसायिक उपयोग के भूखंड, दुकानें, डुप्लेक्स रो-हॉऊस एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत फ्लैट्स विक्रय के लिए उपलब्ध है। संपत्ति खरीदने के लिए रायपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://rda.cgstate.gov.in में जा कर संपत्ति ढूंढिए (Search Property) फिर कैसे आवेदन करें (How to Apply) देखिए और अपनी पसंद की संपत्ति के लिए नियम एवं शर्तें पढ़ कर आवेदन, राशि का भुगतान सब कुछ ऑनलाईन कीजिए। विक्रय योग्य संपत्ति के स्थल के अवलोकन व अन्य संबंधित जानकारियों के लिए मार्केटिंग शाखा के निम्न फोन नंबरों में संपर्क करें: 1800-233-7188, 72249-80800

**रायपुर विकास प्राधिकरण**
भक्त माता कर्मा कॉम्प्लेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006
वेबसाईट - https://rda.cgstate.gov.in, टोल फ्री नं. - 1800-233-7188

## कार्यालय नगर पालिका परिषद खैरागढ़, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

क्रमांक/858/ई-टेण्डर/न.पा.प./लो.नि.वि./2025 खैरागढ़ दिनांक 08/01/2025

### -:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 164039 | Construction Work in Atal Parisar at Khairagarh | 29.40 | 28.01.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंन्ट हेतु पृथक से विज्ञापन जारी नही किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद खैरागढ़**

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें ।

## बॉलीवुड की इन अभिनेत्रियों से हैं प्रेरित



**नई दिल्ली।** अनन्या पांडे ने खो गए हम कहां, कॉल मी बे और सीटीआरएल जैसी कई फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता है। हाल ही में उन्होंने अपने भविष्य के करियर की योजनाओं के बारे में खुलकर बात की और साथ ही यह भी बताया की वह किन बॉलीवुड अभिनेत्रियों से बेहद प्रेरित हैं। एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या पांडे से जब अभिनय के बारे में उनकी महत्वाकांक्षाओं के बारे में पूछा गया। तब अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें अभी तक विश्वास नहीं था कि वह निर्देशन कर सकती हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने पिता चंकी पांडे के साथ निर्माण पर काफी हद तक चर्चा की है। अनन्या ने कहा कैसे कोई इंसान किसी स्क्रिप्ट में कुछ या किसी व्यक्ति को सही नहीं मान सकता। किसी का भी सेक्शन करने से पहले बहुत सारे काम और संयोजन लागू होते हैं।

## 14वीं सदी के शासक की निभाएंगे भूमिका



**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता कनु चौहान एक गुजराती योद्धा पर फिल्म बनाने की तैयारी कर रहे हैं, जिसने 14वीं शताब्दी में सोमनाथ मंदिर को घुसपैठियों से बचाने के लिए लड़ाई लड़ी थी। उनकी फिल्म का नाम 'केसरी वीर' है, जिसमें सुनील शेट्टी, सूरज पंचोली और विवेक ओबेरॉय मुख्य भूमिका में हैं। निर्देशक ने इस फिल्म को बनाने को लेकर उत्साह जाहिर किया है। उन्होंने बताया कि केसरी वीर की कहानी उनके दिल के बहुत करीब है। इस फिल्म में, सुनील कथित तौर पर 14वीं शताब्दी के शासक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसके लिए अभिनेता को घुड़सवारी और बहुत कुछ सीखना पड़ा। सुनील शेट्टी द्रोण के शासक राजा वेगडाजी भील की भूमिका निभा सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सुनील शेट्टी 'केसरी वीर' में एक अनूठा लुक अपनाएंगे।

epaper : www.haribhoomi.com
# हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Bhilai- 6267575723

### Appointment आवश्यकता

#### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

आवश्यकता है- कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड हाइट 5 फिट से शुरू वेतन 12000/- से 20200/- तक (PF+ ESIC +BONUS +रहना फ्री) मेंस की सुविधा 5वीं से 12वीं तक कार्या:-शिव सेक्युरिटी कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रेल्वे स्टेशन के पास, रायपुर (छ.ग.) मों. 0771-4036689, 8120957510, 9630939692.(RO-2480)

#### कुक/वेटर

आवश्यकता है- बार में कार्य करने हेतु अनुभवी वेटर एवं इंडियन कुक की आवश्यकता है अनुभवी ही संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें। विनार बार एंड रेस्टोरेंट लिंक 1 के.के. रोड रायपुर मों.- 9713577672.(आरो - 2473)

क्लासीफाईड

#### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- देवपुरी रायपुर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 25 वर्ष के अविवाहित युवक की, 10वीं पास / फेल, सैलरी 10,000/- समय 10.30 से 8.30 संपर्क करें:- 9184481078 41, 9302708426. (RO-3197)

#### पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु लड़के व लड़कियों की आवश्यकता है। पुजारी फ्यूल्स एमएलए रेस्ट हाउस के सामने रिंग रोड नं 1 रायपुर. 8720050022, 9300530066.(RO-345)

#### इलेक्ट्रीशियन/फीटर

आवश्यकता है- नवीन आई.टी.आई धनोरा में प्रशिक्षण अधिकारी इलेक्ट्रीशियन व फीटर ट्रेड के शिक्षक की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता दी जावेगी। संपर्क करें:-मो.- 94079-02923 (आरो न.-656)

#### चौकीदार

आवश्यकता है- रात के लिए चौकीदार की आवश्यकता है। संपर्क करें:- ओम ज्वैलर्स शॉप नं.-64 बी इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार के सामने दुर्ग (आरो-7154)

#### ड्रायवर

आवश्यकता है- प्रिंटिंग प्रेस मशीन हेतु मेहनती हेल्पर एवं चार पहिया वाहन हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क: - अंकित प्रकाशन, भाटागांव, रायपुर, 9827116606, 9753672550, 7509081111 (RO-342)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

#### दुकान कार्य

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्यकता हैं, आकर्षक वेतन । संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट, पंडरी, रायपुर।(RO-422)

आवश्यकता है- होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक गोल बाजार के पास कार्य हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है संपर्क रायपुर 9827918086, 9685688086.(RO-3211)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने के लिए दैनिक वेतन पर लडको की आवश्यकता है। वेतन 400/- प्रतिदिन इच्छुक संपर्क करें वायर हाऊस, एम.जी.रोड रायपुर (RO-1247)

#### डिजाइनर/कारपेन्टर

Requirment- Emboss Interior Add- R.K. tower, Near Diwan hospital Ring Road 01, Bhatagaon chowk Raipur Marketing Ex - 2, Interior Designer -2, Carpenter-2, Helper- 2, Contact- 7999932908.(RO-2479)

#### आवश्यकता

आवश्यकता है- लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है मासिक वेतन 12000 हजार रूपये (शिक्षित, साक्षर एवं अशिक्षित) संपर्क 7024797456 मिलने का समय सुबह 11:00 से 1:00 बजे तक (RO-3804)

#### नर्सिंग स्टाफ

आवश्यकता है- ट्रेंड स्टाफ नर्स की आवश्यकता है, दो पद के लिए। संपर्कः- जे.जे. नर्सिंग होम, इ/10 मालवीय नगर दुर्ग। (SPD /850)

छोटा विज्ञापन

#### इलेक्ट्रीशियन

तत्काल आवश्यकता है- बंगलो एवं ऑफिस में कार्य करने हेतु इलेक्ट्रीशियन की तत्काल आवश्यकता है अनुभव- 5 से 10 वर्ष योग्यता- डिप्लोमा या आईटीआई पास वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही संपर्क करें:- 9109222000. (RO-3208)

#### कम्प्युटर प्रशिक्षक

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी के शेयर में बुधवार को तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। ब्रिटेन की बीपी पीएलसी ने ओएनजीसी के विशाल मुंबई हाई तेल और गैस क्षेत्र के लिए बोली जीती है। बीपी ने 10 साल की अवधि में कच्चे तेल के उत्पादन में 44 प्रतिशत और उत्पादन में 89 प्रतिशत की वृद्धि की पेशकश की है।

### मेकमाईट्रिप का आंशिक भुगतान विकल्प पेश

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप ने यात्रियों के लिए आंशिक भुगतान विकल्प पेश किया है। इसके तहत यात्री कुल किराये का 10 से 40 प्रतिशत अग्रिम भुगतान करके अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 'कन्फर्म बुकिंग' प्राप्त कर सकते हैं। अग्रिम भुगतान का सटीक प्रतिशत एयरलाइन, यात्रा क्षेत्र और अग्रिम खरीद खिड़की जैसे कारकों द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

### रुपए 85.87 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार दूसरे कारोबारी सत्र बुधवार को 13 पैसे गिरकर 85.87 (अस्थायी) डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर आ गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने के बीच रुपये में यह गिरावट आई। विदेशी कोषों की निरंतर निकासी ने भी खेल बिगाड़ दिया कम अनुमान को लेकर सतर्क बने रहे।

### एक्जिम बैंक ने विदेश से एक अरब डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया ने कारोबार विस्तार के लिए विदेशों से एक अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 8,570 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने कहा कि यह राशि पेशकश और बोली मूल्य के बीच अबतक के सबसे कम अंतर के साथ जुटाई गई।

### सोभा डेवलपर की बिक्री बुकिंग 29 फीसदी घटी



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट डेवलपर सोभा लिमिटेड की बिक्री बुकिंग अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 29 प्रतिशत घटकर 1,388.6 करोड़ रुपये रही है। बिक्री बुकिंग में यह गिरावट नए घरों की आपूर्ति घटने और ऊंचे आधार प्रभाव के कारण हुई है। कंपनी की बिक्री बुकिंग 1,951.6 करोड़ रुपये रही थी।

### वेदांता के चेयरमैन ने लंदन में किया स्टूडियो अधिग्रहित

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह के संस्थापक एवं चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने लंदन में कलात्मक गतिविधियों के प्रतिष्ठित केंद्र 'रिवरसाइड स्टूडियो' का अधिग्रहण कर लिया है। इसके मुताबिक, लंदन में टेम्स नदी के किनारे स्थित 100 साल पुराना यह स्टूडियो अब 'अनिल अग्रवाल रिवरसाइड स्टूडियो ट्रस्ट' के नाम से संचालित होगा। यह प्रयास और वैश्विक सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए अग्रवाल की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

# कृषि श्रमिकों, चालकों की बढ़ेगी मांग, कैशियर की नौकरी होगी कम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले पांच साल में कृषि श्रमिकों और वाहन चलाने वालों यानी ड्राइवरों की मांग तेजी से बढ़ेगी और ये क्षेत्र तेजी से बढ़ती नौकरियों में शामिल होंगे। वहीं कैशियर और टिकट क्लर्क की भूमिकाओं में कमी आएगी। बुधवार को जारी एक नये अध्ययन में यह कहा गया है।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने 'भविष्य की नौकरी रिपोर्ट' 2025 में, यह भी कहा कि 2030 तक 17 करोड़ नई नौकरियां सृजित होंगी, जबकि 9.2 करोड़ को नौकरियां खोनी पड़ सकती हैं। यानी शुद्ध रूप से 7.8 करोड़ नई नौकरियां सृजित होंगी।

*एआई, रोबोटिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा में बढ़ेगी मांग : कृत्रिम मेधा, रोबोटिक्स और ऊर्जा प्रणाली खासकर नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण इंजीनियरिंग में विशेषज्ञ भूमिकाओं की मांग बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, कैशियर और प्रशासनिक सहायक जैसी भूमिकाएं सबसे तेजी से घट रही हैं। इसके साथ अब ग्राफिक डिजाइनर सहित भूमिकाएं भी इसमें शामिल हो गई हैं।*

## विश्व आर्थिक मंच ने भविष्य की नौकरी पर जारी की रिपोर्ट

### पांच सबसे तेजी से बढ़ने वाली नौकरियां

रिपोर्ट के अनुसार, पांच सबसे तेजी से बढ़ती नौकरियों की सूची में सबसे ऊपर कृषि श्रमिक, मजदूर और अन्य कृषि श्रमिक होंगे। इसके बाद हल्के ट्रक या 'डिलिवरी' से जुड़े चालक, सॉफ्टवेयर और एप्लिकेशन डेवलपर, दुकानों में काम करने वाले 'सेल्सपर्सन' आदि होंगे।



■ भारत में 2030 तक 17 करोड़ नई नौकरियां होंगी सृजित

### खाद्य प्रसंस्करण में बढ़ेगा रोजगार

इसके बाद, खाद्य प्रसंस्करण और संबंधित कारोबार से जुड़े कामगार, कार, वैन और मोटरसाइकिल चालक, नर्सिंग पेशेवर, खाद्य और पेय सेवा कर्मचारी, सामान्य और संचालन प्रबंधक, सामाजिक कार्य और परामर्श पेशेवर, परियोजना प्रबंधक, विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा के लिए शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक और व्यक्तिगत देखभाल सहायक जैसी नौकरियां भी बढ़ेंगी।

### पांच नौकरियां सबसे तेजी से घटेगी

रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी ओर पांच सबसे तेजी से घटती नौकरियों की सूची में सबसे ऊपर कैशियर और टिकट क्लर्क हैं। इसके बाद प्रशासनिक सहायक और कार्यकारी सचिव हैं। इमारतों की देखभाल करने वाले, सफाईकर्मी, सामग्री-का रिकॉर्ड और स्टॉक की देखरेख से जुड़े क्लर्क और मुद्रण तथा संबंधित क्षेत्र में काम करने वाले शामिल हैं।

### अकाउंटेंट, ऑडिटर भी होंगे प्रभावित

इनके बाद लेखांकन, बही-खाता, और पेरोल क्लर्क पर असर होगा। अकाउंटेंट और ऑडिटर, परिवहन परिचारक और कंडक्टर, सुरक्षा गार्ड, बैंक लिपिक, डेटा एंट्री क्लर्क, ग्राहक सेवा कार्यकर्ता, ग्राफिक डिजाइनर, व्यावसायिक सेवा और प्रशासनिक प्रबंधक और परीक्षकों तथा जांचकर्ताओं का स्थान है।

### एसबीआई के शोध रिपोर्ट में अनुमान जताया गया

# चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि सरकारी अनुमान से कम 6.3 प्रतिशत पर रहेगी

- वृद्धि दर सरकारी अनुमान से थोड़ा कम है
- एनएसओ ने वृद्धि दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया
- विनिर्माण क्षेत्र का कमजोर प्रदर्शन बना प्रमुख कारण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के अग्रणी बैंक एसबीआई की एक शोध रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर लगभग 6.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो 6.4 प्रतिशत के सरकारी अनुमान से थोड़ा कम है।

एक दिन पहले ही राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चार साल के निचले स्तर 6.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया है। विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन और कमजोर निवेश के कारण वृद्धि दर धीमी होने की बात कही गई।

### आरबीआई ने 6.6 फीसदी का अनुमान जताया

इसके पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिसंबर में कहा था कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रह सकती है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट 'इकोरैप' के मुताबिक, आरबीआई और एनएसओ के अनुमानों के बीच का अंतर हमेशा ही 0.20-0.30 प्रतिशत की सीमा में रहता आया है। लिहाजा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.4 प्रतिशत का अनुमान अपेक्षित और उचित है।




### जीडीपी की वृद्धि दर का झुकाव नीचे की ओर




रिपोर्ट कहती है, "हालांकि, हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी की वृद्धि दर नीचे की ओर झुकाव के साथ लगभग 6.3 प्रतिशत रह सकती है।" एसबीआई के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष द्वारा लिखित यह रिपोर्ट है।

### राजकोषीय घाटा पांच फीसदी पर होगा

हालांकि, यदि सरकार 16.1 लाख करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य पर कायम रहती है तो संशोधित जीडीपी आंकड़ों के लिहाज से राजकोषीय घाटा पांच प्रतिशत पर रहेगा। केंद्रीय बजट में सरकार ने चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.9 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है।

### प्रति व्यक्ति जीडीपी बढ़ने की उम्मीद

रिपोर्ट कहती है कि वास्तविक जीडीपी वृद्धि में सुस्ती और मौजूदा कीमतों पर जीडीपी के आकार में बढ़ोतरी लगभग स्थिर रहने के बावजूद चालू वित्त वर्ष में बाजार मूल्य पर प्रति व्यक्ति जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

### मांग में सुस्ती बनी हुई है

सकल घरेलू उत्पाद का पहला अग्रिम अनुमान सामान्य रूप से 2024-25 में समग्र मांग में सुस्ती को दर्शाता है। हालांकि, सकारात्मक योगदान देने वाले घटकों में सरकारी खपत शामिल है, जिसमें मौजूदा कीमतों के संदर्भ में 8.5 प्रतिशत (वास्तविक कीमतों के संदर्भ में 4.1 प्रतिशत) की वृद्धि हुई है।

*सरकारी व्यय कम हुआ*
*नवंबर, 2024 के अंत में राजकोषीय घाटा 8.5 लाख करोड़ रुपये यानी बजट अनुमान का 52.5 प्रतिशत था। कम पूंजीगत व्यय के कारण सरकारी व्यय कम हुआ, तो चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.9 प्रतिशत रहेगा।*

### सकल पूंजी निर्माण में सुस्ती है

एसबीआई के अध्ययन में कहा गया है कि मांग का चिंताजनक पहलू सकल पूंजी निर्माण में सुस्ती है, जिसमें पूंजी निर्माण में वृद्धि 2.70 प्रतिशत घटकर 7.2 प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, "कुल मिलाकर स्थिति यह है कि मांग कमजोर बनी हुई है और वित्त वर्ष 2024-25 में 6.4 प्रतिशत का आंकड़ा एक बाहरी सीमा है। वास्तविक वृद्धि निश्चित रूप से अनुमानित आंकड़े से कम है।"

# इस्पात आयात पर प्रस्तावित शुल्क से बढ़ सकती है कीमतें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने रिपोर्ट में आशंका जताई
- वैश्विक कीमतों में गिरावट से घरेलू कीमतें दबाव में

इस्पात के आयात पर अगर अगले महीने के अंत तक प्रस्तावित सुरक्षा शुल्क लगाया जाता है, तो 2025 में इस्पात की कीमतें पिछले साल की तुलना में बहुत अधिक होंगी। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई है। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स के निदेशक-शोध विशाल सिंह ने एक बयान में कहा, "वैश्विक स्तर पर इस्पात की कीमतों में गिरावट के कारण घरेलू कीमतें दबाव में हैं और 2025 में भी इनके नरम बने रहने की संभावना है। रक्षोपाय या सेफगार्ड शुल्क लागू होने पर कीमतों में चार से छह प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।"

उन्होंने कहा, चूंकि मिलें नई चालू क्षमताओं से उत्पादन की मात्रा बढ़ाती हैं, इसलिए आपूर्ति में वृद्धि से फ्लैट इस्पात की कीमतें कम हो जाएंगी, लेकिन फिर भी यह 2024 की औसत कीमत से अधिक होगी।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 51 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- एक समय सेंसेक्स 712 अंक तक लुढ़क गया था
- निफ्टी में भी मामूली 19 अंक का नुकसान रहा

स्थानीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बुधवार को बीएसई सेंसेक्स मामूली 51 अंक के नुकसान में रहा। एनएसई निफ्टी में भी गिरावट हल्की रही। आर्थिक वृद्धि दर में कमी के अनुमान के बीच कंपनियों के तिमाही नतीजों से पहले निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। कारोबारियों के अनुसार, रुपये की विनिमय दर में गिरावट तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से भी धारणा कमजोर रही। हालांकि, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेज गिरावट पर अंकुश लगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 50.62 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,148.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 712.32 अंक तक लुढ़क गया था।निफ्टी भी 18.95 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 23,688.95 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "आर्थिक वृद्धि दर धीमी पड़ने के अनुमान तथा तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों से पहले बाजार में उतार-चढ़ाव आया।


## बिजनेस साइट

### ब्रेन स्ट्रोक में शुरुआती 6 घंटे महत्वपूर्ण : डॉ. छत्रपाल सिंह

UMH आयुष्मान भव: 24x7 हृदय रोग एवं ब्रेन स्ट्रोक आपातकालीन सुविधा

**रायपुर।** ब्रेन स्ट्रोक एक गंभीर बीमारी है, जो मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त प्रवाह रुकने के कारण होती है। इससे मस्तिष्क की कोशिकाएं मरने लगती हैं, जिससे शारीरिक और मानसिक अक्षमता हो सकती है और कभी-कभी मृत्यु का कारण भी बन सकती है। भाठागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल के वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. छत्रपाल सिंह साहू ने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक अब दुनिया भर में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण बन चुका है और विकलांगता का भी एक प्रमुख कारण है। हर साल लगभग डेढ़ करोड़ लोग इस बीमारी का शिकार होते हैं, जिनमें से करीब 50 लाख की मौत हो जाती है। डॉ. साहू ने कहा कि स्ट्रोक के इलाज में समय की भूमिका बेहद अहम होती है। खासकर, शुरुआती 6 घंटे अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि इस अवधि में त्वरित उपचार कर मरीज को बचाया जा सकता है। उनका कहना है कि यदि इस समय के भीतर इलाज किया जाए, तो मरीज पूरी तरह से ठीक होकर सामान्य जीवन जी सकता है। वहीं, देरी होने पर स्थायी विकलांगता और मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।


### रायपुर में आरडीए की संपत्ति ऑनलाइन खरीदने का आज अंतिम दिन

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) की संपत्तियों की ऑनलाइन बिक्री की प्रक्रिया का आज अंतिम दिन है। यह पहल 26 दिसंबर 2024 को मंत्री ओपी चौधरी द्वारा शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य नागरिकों को बिना बिचौलियों और एजेंटों के संपत्तियां खरीदने का अवसर प्रदान करना है। आरडीए की ऑनलाइन बिक्री प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनाई गई है, जिससे नागरिक घर बैठे संपत्तियों का चयन और क्रय कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के तहत इच्छुक व्यक्ति आरडीए की वेबसाइट पर जाकर संपत्ति का चयन कर सकते हैं। इसके बाद वे नियम और शर्तें पढ़कर ऑनलाइन आवेदन और भुगतान कर सकते हैं। आरडीए की वेबसाइट पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवासीय और व्यावसायिक भूखंड, दुकानें, डुप्लेक्स, रो-हाउस और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित फ्लैट्स उपलब्ध हैं। इनमें से कौशल्या माता विहार, इन्द्रप्रस्थ रायपुरा, बोरियाखुर्द, कटोरातालाब, सेक्टर 7 और शैलेन्द्रनगर जैसी प्रमुख योजनाओं में संपत्तियां विक्रय के लिए उपलब्ध हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गोड्डा**

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं० –
RCD/GODDA/13/2024-25 (5th Call) दिनांक –08.01.2025
Old PR No. 337367 (Road)24-25*D

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | गोड्डा जिलान्तर्गत "सरोतिया (MDR- 200 पर) – बेलारी–पथरा (NH- 133 पर) पथ (कुल लंबाई– 5.718 कि0मी0) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का अवषेष कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि | रू0 4,18,97,982/– (चार करोड़ अठारह लाख सन्तानवें हजार नौ सौ बेरासी रूपये) मात्र |
| 3. | बीड जमानत की राशि | रू० 4.19 लाख |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 04 (चार) माह |
| 5. | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 11.01.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| 6. | ऑनलाईन निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि/समय | 21.01.2025 के दोपहर 12:00 बजे तक |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय | 22.01.2025 के अपराह्न 12:30 बजे |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गोड्डा |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी का मो0 नं0 | 8987675852 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन सं० /दूरभाष सं० | 0651-2446007 |

नोट :– 1. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
2. विशेष जानकारी के लिये http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमण्डल, गोड्डा

PR 343850 (Road)24-25*D



**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(A Government of Jharkhand Undertaking)**
JUIDCO Bhawan, KutcheryChowk, Ranchi-834001
E-MailId - juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

QIT NO.: JUIDCO/QIT/Flyover/Ranchi/645 Date: 08/01/2025

**REQUEST FOR QUOTATION**
Very Short Quotation (RATE PURPOSE ONLY)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Quotations for : | Quotations are invited from Reputed Shop-Keepers/ Manufacturers/ Suppliers/ Retailers and Distributors for different materials enlisted below & pertaining to their installation in the proximity of newly constructed flyover project at Ranchi, Jharkhand: Supplying, Transportation & Installation (Complete Job) of A. Circular Concrete Flower Pots (size-6 inch) B. Rectangular Flower Pots (size-6ft x 1.5ft. X 1ft.) C. Different Species of plants. |
| 2. | Availability of Quotation | Online juidco.jharkhand.gov.in under the Tender Section from 09.01.2025 |
| 3. | Mode of submission of Quotation | Offline: (Through Post/By Hand in the office of JUIDCO Ltd. (JUIDCO Building ,Line Tank Road, KutcheryChowk, Ranchi 834001) Online: pdt.juidco@gmail.com |
| 4. | Start Date of Quotation Submission | 09.01.2025 from 10:00 Hrs |
| 5. | Last Date of Quotation Submission | 16.01.2025 up to 17:00 Hrs |
| 6. | Date/Time of Quotation Opening | 17.01.2025 at 17:30 Hrs. |
| 7. | Quotation Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd, JUIDCO Building ,Line Tank Road, KutcheryChowk, Ranchi 834001 |
| 8. | Helpline no | +91- 9204751016 |

**Note:** - Please visit the official website of JUIDCO Ltd. (juidco.jharkhand.gov.in) for Detailed Terms & Condition and Specifications of Items.

PR 343757 Urban Development and Housing(24-25).D

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd.



**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (TRANS.) QTR. NO.-C-08/11, FIRST FLOOR, DANGANIYA, RAIPUR (C.G.) -492 013
Website- www.cspc.co.in e-mail: - cetrans.raipur@cspc.co.in Ph.No. 0771-2574411,4450

No.02-19/Tender/P- 62/1082 Raipur, Dtd. 07/01/2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited from eligible bidders for following work:-

| Sl. | Tender No. | Particulars | Qty. | E.M.D. (in Rs.) | Due date of opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02-19/ Tender/ P-62/1082 dtd.07/01/2025 | AC Ambulance (Car Category-III) with 1 driver on hire contract basis for Addl. CMO, Dispensary, CSPTCL, Bhilai | 1 No. | 9020/- | 28/ 01 /2025 15:30 Hrs. |

Note: Other terms & condition, details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in

SAVE ELECTRICITY

Executive Director (Trans.)
CSPTCL: Raipur (C.G.)



**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018 फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website- www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/वि.स.क्षे. कुरूद / 57-2/24-25 / 6634 रायपुर, दिनांक 07/01/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal : http://samb. eproc.cgstate.gov.in

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 23.01.2025 , फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 28.01.2025**

| क्रं | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | वि.स.क्षे. कुरूद अंतर्गत वि.खं कुरूद / मगरलोड अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा-सी, चरोटा, कोसमर्रा, बगौद, परखंदा, भैसमुडी, सिहाद, बोरझरा, रामपुर, जोरातराई (न), सिधौरीखुर्द, अछोटी, बकली, नारी, मौरीकला कोडेबोड, सिलतरा, फुसेरा, करगा, दरबा, नवागांव (कचना), चारभाठा, बिरेझर, ढेठा, सरबदा, गाड़ाडीह-उ, हरदी, चंदना, नवागांव - बु, मोहरेंगा, परेवाडीह, भेण्डरी एवं सौंगा के अंतर्गत कुल 56 स्थानों में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 513.05 | लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दि.01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते है।

S-42699/2 प्रबंध संचालक



**झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**कम्बाइंड बिल्डींग, ओल्ड चास कोट एरिया, बोकारो**

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा संख्या :- 29/2024-25/RWD/EE/BOKARO दिनांक – 08.01.2025

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/BOKARO/ 72/2024-25 | चमसोबाद लक्ष्मण बाउरी के घर से लेकर हुचुकडीह लक्खीराम गोप के घर तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.100 कि0मी0)। | 1,48,59,300.00 | एक करोड़ अड़तालीस लाख उनसठ हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/EE/BOKARO/ 73/2024-25 | तिरंगा मोड़ से रामबाद तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 2.550 कि0मी0)। | 3,27,56,400.00 | तीन करोड सत्ताईस् लाख छप्पन हजार चार सौ रू0 मात्र | 15 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/EE/BOKARO/ 74/2024-25 | पोखना से काशीटांड तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.600 कि0मी0)। | 2,23,77,000.00 | दो करोड़ तेईस् लाख सतहत्तर हजार रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/EE/BOKARO/ 75/2024-25 | एन0एच0–32 पिण्ड्रोजोरा गवई ब्रिज के बगल से अमाडीह तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 2.200 कि0मी0)। | 1,75,18,500.00 | एक करोड़ पचहत्तर लाख अठारह हजार पॉच सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/EE/BOKARO/ 76/2024-25 | चमसोबाद ग्राम में गणेश शर्मा के गोड़िया से लेकर राहेरगोड़ा मकर बाउरी के घर तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 2.250 कि0मी0)। | 2,28,87,800.00 | दो करोड़ अट्ठाईस लाख सत्तासी हजार आठ सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 6 | RWD/EE/BOKARO/ 77/2024-25 | सीमाबाद आर0ई0ओ0 रोड से दास टोला तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.000 कि0मी0)। | 75,65,400.00 | पचहत्तर लाख पैंसठ हजार चार सौ रू0 मात्र | 06 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 18.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.01.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 31.01.2025 अपराह्न 03.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो, कम्बाइंड बिल्डींग, सिविल एस0डी0ओ0, ऑफिस ओल्ड चास कोट एरिया, चास बोकारो, झारखंड, पिन– 827013
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9431060119

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, बोकारो

PR 343804 Rural Work Department (24-25)_D

# चैंपियंस ट्रॉफी : शमी, राहुल और जडेजा पर लटकी तलवार, यशस्वी की जगह पक्की

एजेंसी ▶▶| सिडनी

खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली भारतीय एक दिवसीय टीम में बल्लेबाजी की धुरी होंगे। लेकिन कम से कम तीन सीनियर खिलाड़ी ऐसे हैं जिनके नाम पर चयनकर्ताओं को माथापच्ची करनी होगी जब वे चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे। केएल राहुल, मोहम्मद शमी और रविंद्र जडेजा की 19 फरवरी से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह पक्की नहीं है हालांकि वे पिछले साल विश्व कप टीम का हिस्सा थे। समझा जाता है कि यशस्वी जायसवाल को वनडे टीम में जगह मिलने की संभावना है। इससे शीर्ष चार में बाएं हाथ का एक बल्लेबाज होगा।



### बैकअप का कोई मतलब नहीं

ऋषभ पंत अगर विकेटकीपिंग के लिए पहली पसंद होते हैं तो राहुल को बैकअप रखने का कोई मतलब नहीं है। राहुल अगर विकेटकीपिंग नहीं कर रहे हैं तो बतौर बल्लेबाज टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है। उनके करीबी प्रतिद्वंद्वियों में ईशान किशन ने विजय हजारे ट्रॉफी में रन नहीं बनाए जबकि संजू सैमसन को शुरुआती मैचों से बाहर रहने के बाद केरल टीम में चुना नहीं गया। कोच गौतम गंभीर की अगर चयन मामलों में अभी भी चलती है तो सैमसन उनके पसंदीदा होने के कारण टीम में आ सकते हैं।



### जडेजा का फॉर्म खराब

भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में अपने मैच दुबई में खेलने हैं और बांग्लादेश के खिलाफ पहला मैच 20 फरवरी को खेला जाएगा। भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में खेलने से इनकार किया है। सफेद गेंद के प्रारूप में जडेजा का फॉर्म उतना अच्छा नहीं रहा है और सूत्रों का मानना है कि चयन समिति को वनडे में अक्षर पटेल बेहतर विकल्प लगते हैं।

### फिट नहीं शमी

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर चयन समिति के सामने तस्वीर स्पष्ट नहीं है। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में पिछले दो मैचों में आठ आठ ओवर फेंके। अगर जसप्रीत बुमराह कमर की तकलीफ के कारण नहीं खेल पाते हैं तो शमी का अनुभव काफी उपयोगी साबित हो सकता है। रिजर्व बल्लेबाजों में रिंकू सिंह और तिलक वर्मा में से एक विकल्प हो सकता है।



### चयन की दावेदार टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वरूण चक्रवर्ती या रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, आवेश खान या मोहम्मद शमी, रिंकू सिंह या तिलक वर्मा।



### सुंदर का चयन तय

वॉशिंगटन सुंदर का चयन तय लग रहा है लेकिन कुलदीप यादव की फिटनेस पर चयनकर्ता नजर रखे हुए हैं। वह पूरी तरह फिट लग रहे हैं लेकिन विजय हजारे ट्रॉफी में एक भी मैच नहीं खेला। उनके नहीं खेलने पर रवि बिश्नोई या वरुण चक्रवर्ती को मौका मिल सकता है।

## खबर संक्षेप



### भांबरी क्वार्टर फाइनल में बालाजी एडीलेड से बाहर

**नई दिल्ली।** एटीपी टूर पर भारत के लिए बुधवार का दिन मिश्रित सफलता वाला रहा जिसमें युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती की जोड़ी आकलैंड में एएसबी क्लासिक क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि एन श्रीराम बालाजी अपने जोड़ीदार मिगुल रेयेस वारेला के साथ एडीलेड इंटरनेशनल के प्री क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए। भांबरी और ओलिवेत्ती ने सैंडर एरेंड्स और ल्यूक जॉनसन को 6-4, 6-4 से हराया। बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार को हैरी हेलियोवारा और हेनरी पाटेन की जोड़ी ने 6-3, 3-6, 13-11 से मात दी।

### पाक की संभावित टीम में होंगे अयूब

**लाहौर।** पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने चोटिल बल्लेबाज सईम अयूब को 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी के लिए संभावित टीम में रखा है जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को भेजी जाएगी। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के करीबी सूत्र ने बताया कि पिछले कुछ महीने में सईम के फॉर्म और बतौर सलामी बल्लेबाज 50 ओवरों के क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को लगा कि उसे चोट के बावजूद प्रारंभिक टीम में होना चाहिए। सईम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले सप्ताह दूसरे टेस्ट के पहले दिन टखने में चोट लगी। उन्हें छह सप्ताह आराम की सलाह दी गई है।



### एस20 से द.अफ्रीका को मिलेंगी प्रतिभाएं

**केपटाउन।** एसए 20 लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ का मानना है कि इस टी20 लीग से दक्षिण अफ्रीका को भी वैसी ही प्रतिभाएं मिलेंगी जैसी आईपीएल ने भारत को दी है। एसए20 का तीसरा सत्र गुरुवार से शुरू होगा और स्मिथ का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका की सफलता में यह लीग योगदान देना जारी रखेगी। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान स्मिथ ने बातचीत में कहा, 'मैं शुरू ही से कह रहा हूं कि दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के लिए खिलाड़ी तैयार करने में योगदान देना चाहता हूं।'



## गेंदबाजी में हासिल की कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 908 रेटिंग

# बुमराह की बादशाहत कायम, पंत ने टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 10 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपनी बादशाहत जारी रखते हुए कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 908 रेटिंग से गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान कायम रखा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले 907 अंक से किसी भी भारतीय गेंदबाज की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद रैंकिंग रेटिंग का रिकॉर्ड बनाने वाले बुमराह ने एससीजी में पहली पारी में दो विकेट लेने के बाद अपनी रेटिंग में एक अंक का सुधार किया। बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा एक पायदान के सुधार के साथ संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गए, वह शीर्ष 10 में बुमराह के साथ दूसरे भारतीय हैं।

जडेजा ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के साथ संयुक्त रूप से नौंवे स्थान पर हैं। बोलैंड सिडनी में शानदार प्रदर्शन के बूते 29 पायदान के सुधार के साथ शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। सिडनी में बोलैंड ने 10 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है, वह अंतिम टेस्ट में पांच विकेट की बदौलत दूसरे नंबर पर पहुंचने में कामयाब हुए। दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा एक पायदान के लाभ से तीसरे स्थान पर पहुंचे जबकि चोटिल जोश हेजलवुड दो पायदान के नुकसान से चौथे स्थान पर खिसक गए।





### यशस्वी चौथे स्थान पर

ऋषभ पंत बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाने में सफल रहे और नौवें नंबर पर पहुंच गए जबकि भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपना चौथा स्थान कायम रखा। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा पहली पारी में अहम शतक से तीन पायदान की छलांग लगाकर छठे नंबर पर पहुंच गए, उन्होंने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 769 रेटिंग भी हासिल की। वहीं काइल वेरेने शानदार शतक से चार पायदान के फायदे से 25वें स्थान पर पहुंच गए।



**शीर्ष गेंदबाज**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | भारत | 908 |
| 2 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 841 |
| 3 | कगिसो रबाडा | द.अफ्रीका | 837 |
| 4 | जोश हेजलवुड | ऑस्ट्रेलिया | 835 |
| 5 | मार्को जेनसन | द.अफ्रीका | 785 |

**शीर्ष बल्लेबाज**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | जो रूट | इंग्लैंड | 895 |
| 2 | हैरी ब्रूक | इंग्लैंड | 876 |
| 3 | केन विलियमसन | न्यूजीलैंड | 867 |
| 4 | यशस्वी जायसवाल | भारत | 847 |
| 5 | ट्रैविस हेड | ऑस्ट्रेलिया | 772 |

### बुमराह सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए भारत के स्टार जसप्रीत बुमराह को सभी प्रारूपों का महानतम तेज गेंदबाज करार दिया। बुमराह ने पांच टेस्ट मैचों में 32 विकेट लिए जो किसी विदेशी तेज गेंदबाज का ऑस्ट्रेलिया में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। क्लार्क ने कहा, 'श्रृंखला खत्म होने के बाद जब मैंने बुमराह के प्रदर्शन के बारे में सोचा तो मुझे लगता है कि वह तीनों प्रारूपों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज है। मैं कई महान तेज गेंदबाजों को जानता हूं जिनमें कर्टली एम्ब्रोस, ग्लेन मैकग्रा शामिल हैं जिन्हें टी20 क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिला। इसलिए मैं उनके बारे में बात नहीं कर रहा। लेकिन जो तेज गेंदबाज इन सभी प्रारूपों में खेला हो, अगर यह देखा जाये तो वह सर्वश्रेष्ठ होगा।'

## बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

# सिडनी की पिच संतोषजनक, बाकी पिचों को मिली 'बेहतरीन' रेटिंग



एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की पांच में से चार पिचों को आईसीसी ने 'बेहतरीन' करार दिया है जबकि सिडनी में पांचवें और आखिरी टेस्ट की पिच को 'संतोषजनक' रेटिंग मिली है।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पांच मैचों की श्रृंखला आस्ट्रेलिया ने 3-1 से जीती और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भी क्वालीफाई किया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'पर्थ स्टेडियम, एडीलेड ओवल, गाबा और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिचें बहुत अच्छी थी। आखिरी टेस्ट के लिए सिडनी की पिच संतोषजनक थी जो आईसीसी के पैमाने पर दूसरी सर्वोच्च रेटिंग है।' सिडनी की पिच इस बार गेंदबाजों की मददगार थी और दोनों पारियों में बल्लेबाज जूझते नजर आए। सिडनी की पिच को लेकर जहां सुनील गावस्कर ने कहा कि यह आदर्श पिच नहीं थी वहीं भारतीय कोच गौतम गंभीर ने इसे 'मसालेदार' और टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छी बताया।

### रोहित और कोहली खेलें घरेलू क्रिकेट : शास्त्री



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री चाहते हैं कि टेस्ट क्रिकेट संघर्ष कर रहे कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज विराट कोहली रणजी ट्रॉफी खेल कर यह साबित कर सकते हैं कि उनमें इस प्रारूप में सफल होने का जज्बा बरकरार है। रोहित और कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में बुरी तरह से विफल रहे। शास्त्री ने कहा, 'उनके खेल में अगर कोई कमी है तो उन्हें वापस जाना चाहिए और घरेलू क्रिकेट खेल कर सुधार करना चाहिए। जब आप इतने लंबे समय तक टेस्ट मैच क्रिकेट खेलते हैं तो दो कारणों से घरेलू क्रिकेट खेलना महत्वपूर्ण है।'

## गुप्टिल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की लेकिन यह 38 वर्षीय खिलाड़ी दुनिया भर की टी20 लीग में खेलना जारी रखेगा। आखिरी बार 2022 में न्यूजीलैंड के लिए खेलने वाले गुप्टिल वर्तमान में इस सत्र के सुपर स्मैश में ऑकलैंड एसेस का नेतृत्व कर रहे हैं। गुप्टिल ने कहा, 'तब मैं बच्चा था तो न्यूजीलैंड के लिए खेलना हमेशा मेरा सपना था। मैं अपने देश के लिए 367 मैच खेलने से भाग्यशाली और गौरवान्वित महसूस करता हूं। मैं उन यादों को हमेशा संजो कर रखूंगा जो मैंने शानदार खिलाड़ियों के साथ खेलकर बनाई हैं।' गुप्टिल ने 47 टेस्ट खेले हैं। लेकिन वनडे में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है जिसमें उन्होंने 198 मैच में 18 शतक और 39 अर्द्धशतक के साथ 7346 रन बनाए हैं। दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के लिए 122 टी20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने दो शतक और 20 अर्द्धशतक के साथ 3531 रन बनाए।



### एएफआई एथलीट आयोग की अध्यक्ष नामित हुईं अंजू बॉबी

**चंडीगढ़।** लंबी कूद की महान खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज को बुधवार को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के नौ सदस्यीय एथलीट आयोग का अध्यक्ष नामित किया गया, जिसमें भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा सबसे प्रमुख पुरुष सदस्य हैं। नए आयोग में शामिल सभी छह महिलाएं पूर्व खिलाड़ी है। इसमें धाविका ज्योतिर्मय सिंकदर, चक्का फेंक खिलाड़ी कृष्णा पूनिया, बाधा-धाविका एमडी वलसम्मा, स्टीपलचेज धाविका सुधा सिंह और धाविक सुनीता रानी हैं। 2003 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता अंजू, एएफआई में वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी हैं। इन अनुभवी नामों का इस समिति शामिल होना एएफआई में लैंगिक समानता को सुनिश्चित की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। पिछले आयोग में चार महिलाएं शामिल थीं। पिछले साल अक्टूबर में हुए चुनाव के बाद बुधवार को आयोग की घोषणा की गई।



## मलेशिया ओपन : प्रणय और मालविका की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत के दूसरे नंबर के बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय और उभरती हुई शटलर मालविका बंसोड़ ने बुधवार को यहां मलेशिया ओपन में क्रमशः पुरुष और महिला एकल के शुरुआती मुकाबले जीतकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

वहीं भारत के लिए तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला तथा सतीश कुमार कुरुणाकरन और आद्या वरियथ की जोड़ी ने भी सुपर 1000 टूर्नामेंट के मिश्रित युगल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। कनाडा के प्रतिद्वंद्वी ब्रायन यांग को एक घंटे 29 में 21-12, 17-21, 21-15 से शिकस्त दी। अब उनका सामना सातवें वरीय चीन के शि फेंग से होगा जिन्होंने प्रियांशु राजावत की चुनौती 21-11, 21-16 से समाप्त की। मालविका ने स्थानीय दावेदार गोह जिन वेई को महज 45 मिनट में 21-15, 21-16 से हराकर बाहर कर दिया। अन्य नतीजों में कपिला और क्रास्टो की जोड़ी ने दक्षिण कोरिया के सुंग हयून को और हाये वोन इयोम की जोड़ी को 21-13, 21-14 से मात दी।



### बीएफआई ने विश्व मुक्केबाजी के नए वजन वर्गों को अपनाया

**बरेली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ विश्व मुक्केबाजी द्वारा शुरू किए गए वजन वर्गीकरण के अनुरूप यहां 10 भार वर्गों में पुरुषों की राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है। इस चैंपियनशिप का आयोजन विश्व मुक्केबाजी के तकनीकी और प्रतिस्पर्धा नियमों के तहत किया जा रहा है। इसमें निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ रोस्टर में शामिल 13 भार श्रेणियों के बजाय 10 भार श्रेणियां हैं।पुरुषों की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 50 किग्रा (फ्लाईवेट), 55 किग्रा (बैंटमवेट), 60 किग्रा (लाइटवेट), 65 किग्रा (वेल्टरवेट), 70 किग्रा (लाइट मिडलवेट), 75 किग्रा (मिडलवेट), 80 किग्रा (लाइट हैवीवेट), 85 किग्रा (क्रूजरवेट), 90 किग्रा (हैवीवेट)) और 90 किग्रा से अधिक (सुपर हैवीवेट) के भार वर्ग शामिल है।






## अब चुप रहूंगा, झड़प पर कोंस्टास ने जताया खेद

एजेंसी ▶▶| सिडनी

आस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान जसप्रीत बुमराह से हुई झड़प पर खेद जताते हुए स्वीकार किया है कि वह समय बर्बाद करने की कोशिश कर रहे थे लेकिन आखिर में बुमराह को सफलता मिली।

कोंस्टास ने आखिरी दो टेस्ट में अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी लेकिन बुमराह और विराट कोहली से उलझने के कारण भी चर्चा में रहे। ऐसी एक घटना पांचवें टेस्ट के पहले दिन हुई जब कोंस्टास और बुमराह के बीच तीखी बहस हो गई। कोंस्टास ने कहा, 'मुझे प्रतिस्पर्धा करना पसंद है और मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं ''दिन का खेल जब खत्म होने को था तब बुमराह एक और ओवर फेंकना चाहते थे लेकिन आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने विरोध किया जो समय खपाने की कोशिश में थे। इस कारण से बुमराह और कोंस्टास के बीच बहस हो गई।



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम | Union Bank of India A Government of India Undertaking

1. देवपुरी शाखा, भाटिया पेट्रोल पम्प के सामने, रायपुर (छ.ग.)
2. स्टेशन रोड, सिंधु भवन के सामने, दुर्ग-491001 (छ.ग.)

**परिशिष्ट–IV कब्जा नोटिस नियम 8 (1)**

सेक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेट्स एंड अनफोर्समेंट ऑफ सेक्युर्टी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत नियम-3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत शाखा के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित धारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों को निम्नलिखित तिथियों में डिमांड नोटिस में दर्शायी गई राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया था. उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम-8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया गया है।

विशेष रुप से उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों और जनसामान्य को एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन-देन न करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि ब्याज, आकस्मिक खर्च एवं लागत और शुल्क के लिये **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** कि संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अधीन होगी।

**उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये ध्यानाकर्षित किया गया है।**

| अ. उधारकर्ता का नाम<br>ब. शाखा का नाम | संपत्तियों का विवरण | 1. मांग सूचना की तिथि<br>2. मांग सूचना राशि रु<br>3. कब्जे की तिथि |
|---|---|---|
| **1. श्री तोरन लाल साहू पुत्र- रामलाल साहू, 2. श्री चिनेश्वर साहू पुत्र- तोरन लाल साहू, दोनों का पता-** मकान नं. 582, वार्ड नं. 55, कृष्णा नगर, संतोषी नगर, रायपुर (छ.ग.)<br>**शाखाः देवपुरी, रायपुर (छ.ग.)** | सर्वे नं. 540/11, प.ह.नं. 114, पुराना धमतरी रोड, कृष्णा नगर, संतोषी नगर, मोऊ टिकरापारा, रायपुर, आरएनएम- रायपुर, 1500 वर्ग फीट। **चौहद्दीः पूर्व-** श्री के.के.मजूमदार का मकान, **पश्चिम-** श्री हरीश चन्द्र का मकान, **उत्तर-** सड़क, **दक्षिण-** श्री धनराजमल का प्लॉट। | 29.10.2024<br>₹ 14,19,041.00 + ब्याज व अन्य शुल्क<br>07.01.2025 |
| **1. श्री मोहम्मद असद गोरी पुत्र- शेख अहमद गोरी, 2. श्रीमती शबाना बानो पत्नी- मोहम्मद असद गोरी,** दोनों का पता- म. नं. 155, वार्ड नं. 8, तकिया पारा, दुर्ग-491001.<br>**शाखाःदुर्ग (छ.ग.)** | खं. नं. 687/240 (भाग), प.ह.नं. 25, मुस्लिम सांस्कृतिक भवन के पास, केलाबाड़ी, वार्ड नं. 41, कसारडीह, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001, कुल क्षेत्रफल- 600 वर्गफीट में स्थित एक मंजिला आवासीय भवन एवं भूमि। | 08.10.2024<br>₹ 6,78,799.87 + ब्याज व अन्य शुल्क<br>02.01.2025 |

दिनांकः 08.01.2025, स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

**चींटी से छोटी, बाल से भी पतली! ये है दुनिया की सबसे छोटी किताब : लंदन।** दुनिया की सबसे छोटी किताब का नाम '**Teeny Ted from Turnip Town**' है। यह किताब इतनी छोटी है कि इसे बिना माइक्रोस्कोप के देखना मुश्किल है। इसका साइज केवल 0.07**mm x** 0.1**mm** है, जो एक मोती के आकार से भी छोटा है। इतनी छोटी किताब को देखने के लिए शक्तिशाली माइक्रोस्कोप की आवश्यकता होती है।

# धान खरीदी के बाद किसानों को देंगे अंतर की राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि धान खरीदी समाप्त होते ही किसानों के खाते में धान खरीदी की अंतर की राशि डाल दी जाएगी। इसके लिए सरकार ने पहले ही फंड की व्यवस्था कर रखी है। आगामी समय में साढ़े तीन लाख परिवारों को पीएम आवास की सुविधा भी दी जाएगी।

साय सरकार के एक साल के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में बुधवार को एकलव्य खेल परिसर में आबादी का अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम रखा गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने धमतरी में नालंदा परिसर, पीजी कॉलेज में विधि विभाग भवन और कंडेल कॉलेज के लिए भवन निर्माण की घोषणा की।



इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित सांसद, विधायक शामिल हुए।

## अलग से फंड की व्यवस्था

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम साय ने कहा कि किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है। अभी किसानों के खाते में केंद्र द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य के हिसाब से राशि डाली जा रही है। धान खरीदी समाप्त होने के बाद शासन के पास खरीदी की पूरी जानकारी आ जाएगी। हिसाब-किताब कर किसानों के खाते में अंतर की राशि धान खरीदी के बाद डाली जाएगी। सरकार ने इसके लिए अलग से फंड की व्यवस्था कर रखी है।

## महिला ने ठानी 'जवान' बनने की ज़िद, बेटे का खून किलवाया, चढ़वा लिया, नहीं होना चाहती है बूढ़ी!

**नई दिल्ली।** बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जो अपनी उम्र को स्वीकार नहीं कर पाते। वे अपनी उम्र से युवा बने रहने के लिए एक से बढ़कर एक उपाय अपनाते हैं। जब से दुनिया शुरू हुई है, तब से लेकर अब तक इंसान का वश सिर्फ एक ही चीज़ पर नहीं है – 'समय'। कोई कितनी भी दौलत हासिल कर ले या कितना भी रुतबा बना ले, वो अपनी उम्र ढलने से नहीं रोक सकता। हालांकि, कुछ लोग इसके लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। आमतौर पर लोग वो पाने की ज़िद करते हैं, जो हासिल की जा सके। मार्सेला इग्लेसियास नाम की महिला अपनी बढ़ती उम्र को रोकना चाहती है। वो इसके लिए हर वो चीज़ कर रही है, जो उसके बस में है। इसके लिए उसने अपने युवा बेटे का खून भी खुद से चढ़वाने से गुरेज नहीं किया।

# माड़ मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त, 21 लाख का था इनाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

माड़ डिविजन कमेटी, पीएलजीए प्लाटून नम्बर 32 व इन्द्रावती एरिया कमेटी के शीर्ष नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना चार जिले की संयुक्त टीम अबूझमाड़ से 3 जनवरी को रवाना किया गया था। आपरेशन के दौरान 4 जनवरी की दोपहर माड़ के ग्राम गट्टाकाल के जंगल में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई जो देर रात तक लगातार चलती रही। इसी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 2 महिला समेत 5 माओवादियों को मार गिराया था। मौके से एके 47, एसएलआर, 8 एमएम रायफल, 12 बोर रायफल समेत भारी मात्रा में



विस्फोटक भी बरामद किया गया था। मुठभेड़ में मारे गए सभी माओवादियों की शिनाख्त कर ली गई है, जिनपर 21 लाख रुपए का इनाम घोषित था। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि मारे गए माओवादियों में चार पर 5-5 लाख का तथा एक पर एक लाख का इनाम घोषित था।



















**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.:** Raipur Ashram Chowk (Ge Road) Vandana Bajaj 7714083955, 9713540079 • Telibandha 7714083955 • Devpuri Raipur Arun Bajaj 9770420235 • Baloda Bazar Arun Bajaj 90009399506 • Bhatapara Arun Bajaj 7828353259 • Bhilai Avn Bajaj 7884252700, 9644066266 • Durg Venkatesh Bajaj 8982005707 • Dhamtari Tirupati Bajaj 9516872343, 7987872343 • Kanker Tirupati Bajaj 7587841176 • Bhanupratappur Tirupati Bajaj 9977911298 • Jagdalpur T M Bajaj 9986433880, 9425592466 • Mahasamund Bhawani Bajaj 9424205048 • Saraipali Bhawani Bajaj 9424211576 • Rajnandgaon Kakkad Bajaj 9301111111 • Dongargarh Kakkad Bajaj 9028597766 • Kawardha Chandrayan Bajaj 8435158906 • Pandatarai Chandrayan Bajaj 8435158906. **Authorised Service Centre:** Abhanpur 9425510725 • Ahiwara 8719067333 • Ambagarh Chowki 9111155511 • Arang 8224026403, 8770906243 • Bagbahara 9926161553 • Balod 9770186691 • Bakhara 7000627684 • Basna 9753408127 • Bemetra 8319906176 • Berla 9644045882 • Chandrakhuri 9826764123 • Charama 9406445493 • Charoda 990744880 • Chhuriya 7999113621 • Dallirajhara 9589956199 • Dantewada 9425594844 • Dongargaon 8770405245 • Farasgaon 9986433880 • Gariyaband 7777888487 • Gidhori 9425202238 • Gunderdehi 9752027700 • Jhalap 9753559579 • Kasdol 9826142260 • Keshkal 9986433880 • Khairagarh 7470888488 • Komakhan 8319131967 • Kondagaon 9986433880 • Kurud 7470499500 • Nagri 9109099900 • Nawagarh 9981235777 • Nayapara 9826433867, 8602057777 • Pakhanjur 9425593572 • Pandaria 7470991444 • Patan 9752756264 • Pirda 9977377533 • Pithora 9713118410 • Rajim 8602057777 • Risali 9098847683 • Sankra 8120008091 • Sargaon 700079773 • Singhanpur 9713848382 • Tilda 9329068989 • Tendukona 9425512175 • Utai 7879043998.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com